



# तरुण छत्तीसगढ़







e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 30 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 30 अक्टूबर 2024 डाक 31 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक प्रदर्शनी में पूजा-अर्चना की



**देश-विदेश**

धनतेरस पर तोहफा, कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, पंप डीलरों की सात साल पुरानी मांग पूरी




**कोरिया पेज**

तंबाकू के मांगने के बहाने घर में घुसकर टांगी से कर दी ग्रामीण की हत्या



## कनाडा ने निज्जर मामले से जुड़ी जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की, ट्रूडो की सलाहकार ने स्वीकारा



**ओटावा, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कनाडा की सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले की जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की थी। हैरानी की बात ये है कि कनाडा की सरकार को भी इसकी जानकारी थी और जो जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की गई, उसके बारे में कनाडा की जनता को भी नहीं बताया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार ने पुष्टि की है कि निज्जर की हत्या से जुड़े मामले की जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की गई। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल कनाडा के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने इस हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया था। ट्रूडो के इस आरोप के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। बीते दिनों दोनों देशों के रिश्ते उस वक्त फिर तनावपूर्ण हो गए, जब कनाडा की पुलिस ने आरोप लगाया कि भारतीय एजेंट्स गैंगस्टर्स के साथ मिलकर कनाडा में लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसके बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

## पुलवामा में ग्रेनेड हमलों की फिराक में था आतंकी, सुरक्षाबलों ने किया गिरफ्तार, पास से मिले खतरनाक हथियार

**श्रीनगर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में मंगलवार को सुरक्षाबल ने एक स्थानीय आतंकी को गिरफ्तार कर सिलसिलेवार ग्रेनेड हमलों के षड्यंत्र को विफल कर दिया। इस आतंकी के अन्य साथियों को चिह्नित किया जा रहा है। पकड़ा गया आतंकी दानिश बशीर उर्फ मौलवी है। वह पुलवामा के साथ सटे डांगरपोरा का है। उसके पास से 10 ग्रेनेड व पांच बैटरी मिली हैं। सेना की खुफिया इकाई (एमआई) को अपने तंत्र से पता चला था कि पुलवामा का एक युवक कुछ दिन पहले ही आतंकी बना है। वह कुछ अन्य युवकों को भी आतंकी संगठन में भर्ती करने में लगा है। वह सिलसिलेवार ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने का एक षड्यंत्र भी रच रहा है। इसके आधार पर एमआई ने उसके बारे में कुछ और अहम सुराग जुटाए और फिर पुलिस, सीआरपीएफ व 55 आरआर के जवानों के साथ मिलकर पुलवामा में सर्कुलर रोड पर नाका लगाया। नाका पर जवानों ने एक स्कूटी पर सवार युवक को रुकने का संकेत किया। स्कूटी सवार ने स्कूटी की गति तेज कर भागने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहा। जवानों ने उसे पकड़ लिया और स्कूटी की तलाशी ली। तलाशी में 10 ग्रेनेड और पांच बैटरियां मिलीं।

उसने यह सारा सामान स्कूटी की सीट के नीचे बड़ी चतुराई से छिपाया हुआ था। स्कूटी सवार को उसी समय गिरफ्तार कर निकटवर्ती पुलिस स्टेशन ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनेड के साथ पकड़ा गया युवक दानिश बशीर है। वह धर्मांध कट्टर मानसिकता से ग्रस्त है। उसकी गिरफ्तारी से दक्षिण कश्मीर में सिलसिलेवार ग्रेनेड हमलों का एक षड्यंत्र विफल हो गया है। सीमा पार बैठे उसके हैंडलर के अलावा कश्मीर में सक्रिय उसके कुछ अन्य साथियों को भी चिह्नित किया जा रहा है।

## हिंसा का रास्ता छोड़ कई नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सरकार की महत्वपूर्ण 'नियद नेल्ला नार' योजना के प्रभाव से प्रेरित होकर पांच माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर हिंसा का रास्ता छोड़ने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में पांच लाख का इनामी माओवादी भी शामिल है। बताया जा रहा है कि ये सभी माओवादी फायरिंग, आईडी ब्लास्ट और आगजनी जैसी हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएसपी सुदीप सरकार, डीएसपी दिनेश सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सभी पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को पुलिस द्वारा 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि दी गई है। वर्ष 2024 में अब तक कुल 185 माओवादी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

### एक्टर सलमान खान को फिर मिली धमकी, मचा हड़कंप

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने ने दो करोड़ रुपये की मांग की है और पैसे नहीं मिलने पर सलमान को मारने की धमकी दी है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम को मंगलवार को मैसेज आया था, जिसमें अज्ञात शख्स ने धमकी दी। धमकी देने वाले ने दो करोड़ रुपये की मांग की है। एक अधिकारी ने बताया की मैसेज करने वाले ने ये भी कहा है कि अगर उसे पैसे नही मिले तो सलमान खान को जान से मार देगा। यह धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद मुंबई के वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।






## बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग, फायर विभाग की 15 गाड़ियों ने पाया काबू, टेक्नीशियन की मौत

**नोएडा, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**



नोएडा में बीती देर रात एक भीषण हादसा हुआ जिसमें एक निर्माणाधीन बैंक्वेट हॉल में आग लग गई। आग इतनी ज्यादा तेजी से फैली कि उसने पूरे बैंक्विट हॉल को अपनी चपेट में ले लिया। फायर विभाग को इस आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर विभाग की 15 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर फिलहाल काबू पा लिया है। इस दौरान जब रेस्क्यू किया गया तो एक टेक्नीशियन इस हादसे में आग से झुलस गया था। जिसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 30 अक्टूबर को थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-74 स्थित निर्माणाधीन लोटस ग्रेनेडियर बैंक्वेट हाल में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों द्वारा आग को बुझाया गया है। बैंक्वेट हाल बड़ा होने के कारण आग को बुझाने में काफी समय लगा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पाया गया कि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। मौके पर डीसीपी नोएडा, सीएफओ गौतमबुद्धनगर व अन्य अधिकारीगण मौजूद है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया है कि बीती रात तकरीबन 3.30 बजे बैंक्विट हॉल में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रवाना किया गया। इसके साथ-साथ रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया गया। आग को फिलहाल काबू कर लिया गया है लेकिन बैंक्वेट हॉल बड़ा होने की वजह से कई जगहों पर आग बार-बार लग रही है। उस पर पूरी तरह काबू किया जा रहा है और अंदर रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

### पुलिस की बस पलटने से 29 जवान घायल, मचा हड़कंप



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर मंगलवार की रात बिहार आर्म्स पुलिस की एक बस पलट कर नदी में गिरने से 29 जवान घायल हो गए। इसके बाद घायल जवानों को आनन-फानन में चिकित्सकीय सहायता दिलाने के लिए पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद गंभीर रूप से घायल 10 जवानों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बिहार स्पेशल आर्म्स पुलिस की 18वीं बटालियन की कंपनी नंबर ई के जवान दीपावली और छठ पर्व के लिए बिहार के रोहतास से सिवान के लिए प्राइवेट बस से रवाना हुए थे।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को निमंत्रण देने डिप्टी सीएम अरुण साव दिल्ली रवाना



**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव एक दिवसीय दिल्ली दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस दौरान साव दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगे। साथ ही उपराष्ट्रपति को राज्योत्सव में शामिल होने का न्योता देंगे राज्योत्सव के समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति शामिल होंगे। नरक चतुर्दशी की दी शुभकामनाएं - आप सभी को नरक चतुर्दशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान श्री कृष्ण जी की असीम कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे और आप सभी का जीवन खुशियों से परिपूर्ण रहे।













# अपर कलेक्टर दिनेश नाग ने किया सीईओ जिला पंचायत का पदभार ग्रहण




**कोरबा।** जिले में अपर कलेक्टर के रूप में सेवा दे रहे दिनेश कुमार नाग ने शासन द्वारा जारी आदेश के तहत आज जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री नाग ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। अपर कलेक्टर के रूप में कार्य कर रहे श्री नाग यहाँ के अनेक अधिकारियों से परिचित है। वे एक कुशल अधिकारी होने के साथ मिलनसार और व्यवहारिक तथा शांतिप्रिय अधिकारी है। अपनी विशिष्ट छवि की वजह से ज्यादातर अधिकारी-कर्मचारी के बीच लोकप्रिय होने के साथ चर्चा में बने रहते हैं।

# खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

## सुरक्षा मानक अधिनियम का पालन करने किया गया निर्देशित


कोरबा। दिवाली त्यौहार को देखते हुए कोरबा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में महीने के शुरुआत से ही निरीक्षण और सैंपलिंग किया गया जिसमें कोरबा स्थित जियो मार्ट से लड्डू और सोन पापड़ी, गायत्री सुपर बाजार से मैदा, शाह बेकर से ब्रेड, न्यू मधु स्वीट्स से खोवा, काजू कतली, बत्तीसा, न्यू देल्ही स्वीट्स से मिल्क सीके और काजू कतली, श्याम स्वीट्स चॉकलेट बर्फी, गोप डेयरी से पनीर और खोवा, जगदंबा डेयरी से बर्फी, पनीर, दही गणेश डेयरी से मलाई बर्फी, खोवा, पनीर, मधु स्वीट्स से खोवा, बेसन लड्डू, काजू कतली, नेचुरल स्वीट्स से पेड़ा, कलाकंद, डोडा कटघोरा में मुरली होटल से पेड़ा, नमकीन, दीपिका स्थित मधुबन स्वीट्स से नारियल बर्फी, यादव होटल से कलाकंद, कुंदा पाली स्थित टर्निंग पॉइंट से कलाकंद और कुंदा का नमूना लिया गया और रायपुर स्थित लैब में भेजा गया और निरीक्षण कर उन्हें खाद्य सुरक्षा मानक अधिनिनियम का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



### जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**कोरबा।** शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायुपर, अटल नगर के पत्र क्रमांक/पंचा. -01/पंग्रा विवि/22/2024/4833 अटल नगर दिनांक 23.10.2024 के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024 2025 के तहत् जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रारंभिक प्रकाशन आज दिनांक 28.10.2024 को किया गया। प्रकाशन पश्चात् दावा आपत्ति 04.11.2024 तक मंगाया गया है। दावा आपत्ति पश्चात् अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही की जायेगी। उक्त अधिसूचना का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर जिला पंचायत कोरबा एवं कार्यालय उपसंचालक पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया।

# राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए बैठक हुई आयोजित



**कोरबा ।** आगामी 05 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव के आयोजन को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिए कि राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभाओं, लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों के लिए राज्योत्सव एक अच्छा मंच साबित हो। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की विलुप्त होते सांस्कृतिक नृत्य गायन, वादन आदि कलाओं के सरंक्षण के लिए प्रयास करते हुए इन विधाओं के प्रदर्शन का अवसर प्राथमिकता से दिया जाए।बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी ने बताया कि एक दिवसीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव में शासकीय विभागो द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विभागीय स्टॉल, प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सांस्कृतिक मंचीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमे स्थानीय प्रतिभाओं, लोक कलाकारों को अवसर देते हुए विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।बैठक में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, सभापति नगर पालिक निगम श्याम सुंदर सोनी, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम हितानंद अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष, एसडीएम सरोज महिलांगे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने बाल गृह बालिका सुमति सामुदायिक विकास संस्था रामपुर का किया निरीक्षण

**बालिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं मिठाई का वितरण किया**

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने शासन से अनुदान प्राप्त रामपुर में संचालित बाल गृह बालिका सुमति सामुदायिक विकास संस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संस्था में रह रहे बालिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं मिठाई का वितरण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अपने पैरों में खड़े होने एवं शासकीय व निजी सेवा मे जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जिले में शासन से अनुदान प्राप्त संचालित सभी शासकीय बालक-बालिका आश्रम के बच्चों को साल में एक बार भारत के महत्वपूर्ण दार्शनिक स्थलों का दर्शन-भ्रमण कराये जाने हेतु आश्वत किया।

### किया सीएसईबी चौकी का घेराव

## मां के साथ नहर में बहे मासूमों का अब तक नहीं चला पता-परिजन बैठे धरने पर

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के मध्य से होकर बहने वाली नहर में नहाने के लिए गई माँ अपने दो बच्चों के साथ बह गई। माँ की लाश तुलसी नगर के पास बरामद कर लिया गया था, लेकिन दोनों बच्चों की तलाश अब भी जारी है। इस मामले को लेकर परिजन और बस्तीवासी ने बड़ी संख्या में सीएसईबी चौकी का घेराव कर दिया।

जानकारी के अनुसार अंचल के तुलसी नगर रातखार के मध्य निर्मित जोड़ा पुल के समीप का है, जहां वार्ड 14 पंप हाउस मैगजीनभाठा निवासी सुषमा मानिकपुरी 14 वर्षीय बेटी सिमरन और 8 साल के प्रतीक के साथ नहाने आई थी। सिमरन और प्रतीक नहाते समय पानी में बहने लगे उन्हें बचाने के लिए मां ने भी नहर में छलांग लगा दी।तीन लोगों को बहते देख इन्हें बचाने के लिए दो युवकों ने नहर में छलांग लगाई। करीब 1 किलोमीटर आगे महिला की लाश मिली, वहीं उसके दोनों बच्चों की तलाश अब तक जारी है। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी नहर में बह गए बच्चों का पता नहीं चल पाया, इस बात को लेकर परिजन व बस्तीवासी बड़ी संख्या में सीएसईबी चौकी पहुंचकर चक्काजाम करके सीएसईबी चौकी का घेराव कर जल्द ही बच्चों की तलाश करने की मांग करने लगे। पुलिस के अधिकारी परिजनों को समझाने में लगे हुए हैं, परिजनों का घेराव समाचार लिखे जाने तक जारी है।

### नगर निगम कोरबा के सैकड़ों शिक्षकों के खाते में जमा नहीं हुआ नियोक्ता का अंशदान

**कोरबा ।** जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा शिक्षक (नगरीय निकाय व पंचायत) की पेंशन व्यवस्था हेतु नेशनल पेंशन सिस्टम 01-04-2012 से लागू की गई हैं। मे कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था हेतु कर्मचारी के वेतन से 10 का अंशदान व नियोक्ता का 10का अंशदान कर्मचारियो के प्रान (पेंशन) खाते में जमा किया जाता है। कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर कुल राशि का 60एकमुश्त मिलता है व शेष 40त्न राशि का उपयोग उन्हे पेंशन प्रदान करने मे किया जाता है।

# कलेक्टर व एसपी ने रात में किया चौक चौराहा व बाजारों का निरीक्षण



**कोरबा ।** धनतेरस और दीपावली त्यौहार के अवसर पर शहरवासियों को सुविधाजनक तरीके से खरीदारी करने और दुकानदारों को अपना व्यवसाय करने में कोई परेशानी न हो इस हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा शहर के बाजारों में बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे है।कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आज देर रात शहर के प्रमुख चौक चौराहों, सराफा सहित अन्य बाजारों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों, बाजारों में ट्रैफिक नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्यौहार के दौरान बाजारों में भीड़भाड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु निरंतर पुलिस गश्त करने के निर्देश दिए। साथ ही चौक चौराहों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने दुकानों के बाहर अव्यवस्थित रूप से रखे सामानों को अंदर रखने हेतु निर्देशित किया साथ ही दुकानों के सामने लगने वाले ट्रैफिक को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

**आकस्मिक स्थिति से निपटने सतर्क रहने के दिए निर्देश**

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के पश्चात कलेक्टर श्री वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने मेडिकल कॉलेज-100 बेड अस्पताल का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने मेडिकल स्टाफ के साथ इमरजेंसी सेवाओं और बर्न यूनिट की व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता,बेड तथा आइसीयू की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखे से प्रभावित होने की स्थिति में अस्पताल में उपचार व्यवस्था की जानकारी ली और सतर्क रहने और आपातकालीन स्थिति में उपचार करने के संबंध में निर्देश दिए।

# सृष्टि महिला मंडल ने बांटे कुम्हारों को उपहार

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्रान्तर्गत एसईसीएल-कोरबा एरिया की सृष्टि महिला समिति ने दिया बेचकर दूसरों के घरों को दीपक से रोशन करने वाले कुम्हारों को दिवाली पर्व के पहले उपहार बांटे। साथ ही मिठाईयां व वस्त्र देकर इनसे दियो की खरीदी भी की। ऑर्टिफिशियल दीयों के बीच आज भी दिवाली पर्व पर मिट्टी के दियो की मांग कम नहीं हुई है। इस कारण कुम्हारपारा कोरबा में निवासरत कुम्हारों का परिवार दिया बनाने के परंपरागत व्यवसाय से जुड़ा हुआ है।

इन्हें प्रोत्साहित करने एसईसीएल-कोरबा एरिया की सृष्टि महिला समिति की अध्यक्ष श्वेता पंड्या की मार्गदर्शन में संगठन के पदाधिकारी कुम्हारपारा पहुंचे और यहां रहने वाले कुम्हार परिवार के सदस्यों को कपड़े व मिठाईयों का वितरण किया। ताकि ये परिवार भी दिवाली धूमधाम से मना सकें। कार्यक्रम में अनीता गुप्ता, वृंदा कुमारन, प्रमिला सिंह, अर्चना शिंदे, अपर्णा मिर्धा, बानी बोरा, मीनू सिंह, अंजना मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

### बालको क्षेत्र के लोग बस सुविधा से वंचित

**कोरबा ।** बालको क्षेत्र के लोग बस की सुविधा से वंचित हैं। जबकि कोरबा से चलने वाली बसों का संचालन पहले बालको से हुआ करता था जो वर्षों से बंद हैं। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यह सुविधा बंद होने से उन्हें अपनी यात्रा कोरबा जाकर शुरू करनी पड़ती है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। बताया जा रहा हैं कि जितनी भी बसें कोरबा से चल रही हैं, उनको परमिट बालको से चलाने की मिली हुई है। लेकिन बस संचालक बालको के बजाय कोरबा से बसों का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को भी बस की सामान्य सुविधा रोजाना मिले इसके लिए जिला परिवहन विभाग से बस मालिकों को बालको से बसों को चलाने के निर्देश देने की मांग की हैं।



# बोनस की मांग को लेकर वासरी कर्मियों ने किया कामबंद हड़ताल

**कोरबा-दीपका।** आज सुबह आठ बजे से ही एसीबी इंडियन लिमिटेड दीपका वासरी के कर्मचारियों ने अपनी बोनस को लेकर काम बंद हड़ताल शुरू कर दिया वासरी के कर्मचारियों का कहना है कि हर वर्ष त्यौहार उत्सव दीपावली दशहरा होली की बोनस समय से पहले वितरण एसीबी कंपनी द्वारा कर दिया जाता था लेकिन दीपावली सर पर है और अब तक एसीबी कंपनी ने बोनस को लेकर आनाकानी किया जा रहा है जिसको लेकर आज सुबह आठ बजे से ही एसीबी इंडियन लिमिटेड दीपिका वासरी कंपनी के कर्मचारियों ने में गेट पर काम बंद कर प्रदर्शन करने लगे उनका कहना है कि जब तक बोनस वितरण नहीं हो जाता तब तक काम बंद कर कर रखेंगे ।एसीबी इंडियन लिमिटेड दीपका वासरी कंपनी के कर्मचारियों ने काम बंद हड़ताल शुरू किया इसकी सूचना छत्तीसगढ़ ठेका कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष चौहान ने समर्थन करते हुए कहा कि जायज मांग है इनकी इनके परिवार के दीपावली त्योहार के उत्सव पर बोनस का वितरण कंपनी द्वारा नहीं किया जा रहा है और जब तक बोनस वितरण नहीं हो जाता तब तक इनकी काम बंद हड़ताल को पूरा समर्थन रहेगा।

### लाइसेंस जारी नहीं करने से फटाखा व्यवसायी नाराज

**कोरबा-पाली।** दीपावली का त्यौहार शुरू हो चुका है,धनतेरस भी बीत गया लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के पटाखा व्यवसाईयों के लाइसेंस अभी तक जारी नहीं हुए हैं।

मामला पाली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का है। पाली क्षेत्र के आसपास ग्रामों के लगभग एक दर्जन ग्रामीण जो कि पटाखे का व्यवसाय करते हैं, जिन्होंने एक माह पूर्व अनुविभागीय अधिकारी पाली के समक्ष पटाखा लाइसेंस नवीनीकरण हेतु चालान का भुगतान कर आवेदन कर रखा है, किंतु आज की तारीख तक उनकी पटाखा व्यवसाय करने की अनुज्ञप्ति में अनुविभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण लाइसेंस जारी नहीं हुआ है

ग्रामीण व्यापारियों का कहना है कि हमने खरीददारी तो कर ली है किंतु दुकानदारी करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी। बिना लाइसेंस के प्रशासन द्वारा दुकान लगाने से मना किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया की एसडीएम कार्यालय के बाबुओ ने जानकारी दी थी कि मैडम छुट्टी में हैं इसलिए हस्ताक्षर नहीं हो पाया है। अभी एस डी एम कार्यालय के बाबुओ से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अब पुलिस वैरीफिकेशन नहीं होने के कारण लाइसेंस जारी नहीं हुआ है वहीं थाना प्रभारी पाली ने बताया की कल दिनांक 29/10/2024 को एसडीएम पाली के ओर से पत्र आया है, वैरीफिकेशन के लिये।

ग्रामीण फटाका व्यवसाईयों का कहना है कि आज यदि कार्यालायीन समय तक हमारे लाइसेंस जारी नहीं होंगे तो पाली-दीपका मुख्य मार्ग पर पटाखे रखकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संस्थापक हीरा सिंह मरकाम की चतुर्थ पुण्यतिथि मनाई गयी गोंडवाना स्वाभिमान दिवस के रूप में

**कोरबा ।** देश के कोने-कोने में गोंडवाना आंदोलन को पहुंचाने वाले गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के संस्थापक गोंडवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम की चौथी पुण्यतिथि को गोंडवाना स्वाभिमान दिवस के रूप में ग्राम तिवरता में समाधि स्थल पर मनाया गया। दादा हीरासिंह मरकाम के पुत्र, पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उनकी याद में सभी समाज के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें वृहद रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाकर सैकड़ो लोगों ने रक्तदान किया, समाज के लोगों द्वारा अनेक प्रकार की रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# डीपीएस, एनटीपीसी, कोरबा में स्पोर्टस् डे-2024 का भव्य आयोजन

**कोरबा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, कोरबा में स्पोर्टस् डे-2024 का भव्य आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर को हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से राजीव खन्ना, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा एवं प्रो-वाइस चेयरमैन, डीपीएस, एनटीपीसी, कोरबा, प्रबंधन समिति, ने कहा कि स्पोर्टस् जीवन का अभिन्न हिस्सा है एवं इसके द्वारा ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। खेल व्यक्ति को आजीवन प्रबुद्ध, शक्तिवान एवं तनावमुक्त रखते हैं। मुख्य अतिथि ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, कोरबा के विद्यार्थियों द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों को बधाई दी।

मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों ने अपने कर-कमलों से रंग-बिरंगे गुब्बारे हवा में उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सतीश शर्मा ने संस्था का वार्षिक खेलकूद प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर हुए गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने खेल मैदान में मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को गति दी। विद्यार्थियों ने परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय का ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों ने शानदार ड्रिल प्रदर्शन द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया तत्पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई । अभिभावकों के लिए आयोजित की गईं विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में पालकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी खेल-कूद प्रतियोगिताओं का सफल नेतृत्व एवं संचालन विद्यालय के खेल प्रशिक्षक द्वय शैलेन्द्र सिंह एवं श्रीमती दिव्या सोना ने किया।

कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अर्नब मैत्रा, महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण ने कहा कि वर्तमान समय में खेल कैरियर के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है तथा विद्यालय में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएँ वास्तव में विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उनके भविष्य को सँवारती हैं।

उक्त समारोह में मनीष वसंत साठे, महाप्रबंधक, राखड़ प्रबंधन, एनटीपीसी, कोरबा, श्रीमती कस्तुरी मैत्रा, वाइस प्रेसिडेंट मैत्री महिला समिति, श्रीमती नेहा तिवारी, शशि शेखर, प्रमुख, मानव संसाधन, एनटीपीसी, कोरबा, डॉ. विनोद कोलहाटकर, सीएमओ, एनटीपीसी हॉस्पिटल, कोरबा, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं अधिकारी गण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, पीटीए के सम्माननीय सदस्य गण, प्रेस एवं मिडिया के सम्माननीय पत्रकार गण, सीआईएसएफ के अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य गण, वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक गणों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही। विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती सिंधु खंडेलवाल ने धन्यवाद उदबोधन प्रस्तुत किया।

## पुलिस झंडा दिवस के अवसर में रक्षित केंद्र और अग्रसेन कॉलेज में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**कोरबा पुलिस के द्वारा आयोजित में की गई विभिन्न प्रतियोगिताएँ**

**पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन**

**कोरबा।** पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस (21 अक्टूबर) से राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) तक पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर रक्षित केंद्र में और महाविद्यालय में सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेलकूद, मेहंदी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रक्षित केंद्र और अग्रसेन कॉलेज में 'राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका' विषय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेलकूद, दौड़, गोला फेंक और रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार के सदस्यों और महाविद्यालय के विद्यार्थीयो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय हैं की कोरबा जिले के 12 शहीद जवानों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चला की सफाई

**कोरबा।** गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबी धतूरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रविवार को बाजार में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। इसके साथ ही यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात प्रबंधन व अस्पतालों में सेवा कार्य कर सहयोग किया। बाजार में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत छुईयापारा बाजार कोरबी में रासेयो के छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई की। यातायात प्रबंधन में यातायात संबंधी नियमों के संबंध में चर्चा परिचर्चा की गई। सेवा से सीखे सहयोग कार्यक्रम में कोरबी स्वास्थ्य केंद्र में रासेयो के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर स्व?ल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सारथी, उपशाला नायक अनुज भारद्वाज, रासेयो के स्वयं सेवक युवराज, यज्ञ नारायण, निषिका भारद्वाज, अनीशा भारद्वाज, वृंदा रात्रे, मेघा भारद्वाज, मनीषा जैतवार, अनुष्का जैतवार, विनय कुमार के साथ ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।

### सजग कोरबा अभियान के तहत दीपावली पर्व के मद्देनजर ऑडियो के माध्यम से किया जा रहा जनमानस को जागरूक

**कोरबा ।** सजग कोरबा अभियानके तहत दीपावली पर्व के मद्देनजर ऑडियो के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया जा रहा हैं। इसके लिये पुलिस अधीक्षक कार्यालय से झंडा दिखाकर इसका शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत जनमानस को ऑडियो चलाकर और सजग कोरबा के बैनर लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सजग कोरबा अभियान में दीपावली पर्व के मद्देनजर ऑडियो के माध्यम से उठाईगिरी, यातायात आदि की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइंस, कोतवाली, बालको क्षेत्र की ऑडियो गाड़ी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रवाना की गयी।

## श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा को तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

### महाकाली संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चांपा।** डोंगाघाट मंदिर ट्रस्ट सदस्य सहित सर्वराकार द्वारा स्व. गुरुजी मोहित राम यादव द्वारा स्थापित काबिज श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा राष्ट्रीय पहचान चांपा नगर में कुश्ती प्रतियोगिता कराने के माध्यम से है। उस नामचीन धरोहर को बिना सूचना दिए भवन का ताला तोड़कर ध्वस्त किए जाने का विरोध महाकाली संगठन द्वारा किया गया। महाकाली संगठन ने एसडीएम को दिए अपने ज्ञापन में मांग की है कि शीघ्र ही श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा का निर्माण करते हुए हनुमान जी और गुरु जी मोहित राम यादव की हटाई गई प्रतिमा का स्थापना किया जाए व दोषियों को दण्डित किया जाए। महाकाली

संगठन के जिला अध्यक्ष लेख राम देवांगन ने कहा है कि यह बहुत ही दुर्भाग्य है कि चांपा नगर की शान पहचान कोसा, कांसा, कंचन के साथ कुश्ती कला के लिए भी है। जिसे 1952 में 72 साल पूर्व स्वर्गीय गुरुजी मोहित राम यादव ने तपसी बाबा के कहने पर डोंगाघाट में स्थापित किया था। जिसे बिना सूचना दिए अखाड़ा का ताला तोड़कर मूर्तियों को हटाते हुए भवन अंदर रखे गए संपत्ति सामग्री को नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही हिंदू धर्म हनुमान जी के प्रति आस्था को ठेस व मोहित राम यादव के मान सम्मान को हानि क्षति पहुंचाई गई है, जो पूर्ण रूप से अपराधिक कृत्य है। महाकाली संगठन ने दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। मांग पर 7 दिवस में पूरी नहीं होने पर महाकाली संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### उपनिरी. लालन पटेल हुए निरीक्षक के पद पर पदोन्नत



**चांपा।** पदोन्नत हुए उपनिरी. लालन पटेल को विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के द्वारा स्टार लगाया गया। पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थापना बोर्ड के आदेश द्वारा उपनिरी. लालन पटेल जो वर्तमान में यातायात शाखा जांजगीर में पदस्थ है जिसको निरीक्षक् के पद पर पदोन्नत कियें जाने पर पुलिस अधीक्षक जांजगीर - चाम्पा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा दिनांक 28.10.2024 को स्टार लगाकर बधाई दी गई।

# बीच बस्ती में गैस का गोदाम प्रशासन को हादसे का इंतजार

### बगल में अग्रसेन भवन का रसोई घर और एसबीआई बैंक का संचालन

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर की बीच बस्ती में गैस का गोदाम बनाया गया है। । इस गोदाम के बगल में जहां अग्रसेन भवन का किचन रसोई घर है। जहां पर शादी प बड़े खुले बडे चुल्हे से हजारो लोगो के लिए खाना बनाया जाता है। वहीं बगल में भारत की सबसे बड़ी बैंक एसबीआई बैंक चंद्रपुर में संचालित हो रही है। इस गैस गोदाम के सामने तहसील संचालित हो रहा है।

इस गैस गोदाम के पीछे में भारत का सबसे बड़ा शिक्षा का केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर की दो स्कूलों संचालित हो रही है । मगर इन सबको दरकिनार करते हुए नगर पंचायत चंद्रपुर में 20 वर्षों बाद इस गैस गोदाम को एन ओ सी इस गैस गोदाम कंपनी के लिए करने के जारी कर दिया गया है। जबकि 20 वर्ष पहले यह घना बस्ती था। इशलिये इसको एन ओ सी नहीं दिया गया था।

अभी भी इस गोदाम जो है वह चंद्रपुर के बीचों-बीच घनी वस्ती में है मगर चंद्रपुर में नगर पंचायत बना है यहाँ के लोगो चाहे वह ठेकेदार हो या कोई नेता हो या कोई दलाल हो उनको एक तरीका समझ आ जाता है यदि तुम्हारा काम मुख्य नगर पंचायत अधिकारी चंद्रपुर काम नहीं करता है तो उस सीएमओ को एन केन सस्पेंड करवा दो या ट्रांसफर करवा दो।।



फिर किसी को प्रभारी सीएमओ बनाकर चंद्रपुर ले आओ और उसको बंधुआ मजदूर कि तरह जो काम करवाना है करवा लो। चाहे तो चंद्रपुर नगर पंचायत का खजाना को खाली करवा लो उस आदमी के लिए जो उसको प्रभारी सी एम ओ बनाकर चंद्रपुर लाया है। और नगर पंचायत चंद्रपुर में यदि इन सभी कि जानकारी नगर पंचायत के प्रभारी अकॉन्टेड से जानकारी मौखिक या ऋज्ञ से मांगने से भी नहीं दिया जाता है। चाहे तो प्रभारी सीएमओ से एनओसी बनवा लो या नगर पंचायत का खजाना

खाली करवा लो यह चंद्रपुर नगर पंचायत की परंपरा चंद्रपुर नगर पंचायत में चलते आ रही है।। यह गैस गोदाम जो घनी बस्ती के अंदर है। यदि इस पर शासन प्रशासन गंभीर नहीं होता है तो आने वाले दिन में क्या होगा इसकी जिम्मेदारी तो शासन प्रशासन की ही रहेगी क्योंकि उनको बार-बार मीडिया प्रेस वाले बार बार चेताया जा रहा है कि इस घनी बस्ती के अंदर में जो गैस गोदाम बनी हुई है उसको शासन के गाइडलाइन के अनुसार 3 से 5 किलोमीटर की दूरी पर कर दिया जाए। । क्योंकि यह शासन का गाइडलाइन है कि कोई भी गैस गोदाम तीन से पांच

किलोमीटर की दूरी पर बनाया जाता है मगर चंद्रपुर का यह गैस गोदाम एसबीआई बैंक के बगल। अग्रसेन भवन के बगल। तहसील के बगल। और स्कूलों के थोड़ी दूरी पर बनाया गया है। इस पर जब लोग सोचते है और सिर्फ और सिर्फ कुछ घटना घटित होने की आदमी समझ भी लिया तो वह सोच नहीं सकता है कि कितना बड़ा शासन ने यहां पर एन ओ सी देकर भूल की है। इसी प्रकार चंद्रपुर से लगा सपोस गांव जहां पर गैस एजेंसी है वह बस्ती से दूर है डभरा में भी गैस एजेंसी संचालित हो रही है। वे सब शहर से दूर है। शक्ति में गैस एजेंसी संचालित

हो रही है वह भी बस्ती से बाहर है। तो जब सभी गैस एजेंसी शक्ति जिले के कानून को मान रही है तो क्या चंद्रपुर नगर कोई पाकिस्तान में बसा थोड़ी है जो शासन की गाइडलाइन को दरकिनार करता रहेगा। और अधिकारी करवाते रहेंगे।। इस पर जिले के कलेक्टर को गंभीरता से सोचना होगा। क्योकि कलेक्टर को सरकार इशलिये जिले का मुखिया बनाकर भेजती है ताकि पूरे जिले की जनता के वह हितैषी होते हैं इसलिए सरकार भी उनको जिला में लोगों की रक्षा करने के लिए भेजती है ना कि संकट में डालने के लिए।।

## करोड़ों का व्यवसाय हुआ दीपोत्सव के पहले दिन

**जांजगीर चांपा।** धनतेरस पर आज जिले का बाजार जगमगा उठा। व्यापारियों ने जमकर कारोबार किया। इलेक्ट्रानिक्स, बर्तन और सराफा की दुकानों में देर रात तक ग्राहकों के आने- जाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं आटो मोबाइल्स सेक्टरों में दोपहिया व चारपहिया वाहनों की जमकर खरीददारी हुई।

वहीं बच्चे व युवाओं ने पटाखों की भी खरीदी की। बाजार की रौनक ने दिवाली का माहौल तैयार कर दिया है।सोने-चांदी और बर्तन की दुकानों में दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। कपड़े व सजावट की दुकानों में अच्छी ग्राहकी देखी गई। धनतेरस और दिवाली के लिए बाजार पहले से ही सज गया था और खरीददारी भी शुरू हो गई थी। धनतेरस पर आज बाजार में रौनक रही। परंपरा के मुताबिक ज्यादातर परिवारों ने सोने-चांदी और बर्तन खरीदने को प्राथमिकता दी। सोने- चांदी के सिक्के, चांदी के नोट और भगवान की मूर्तियां भी खूब बिकी। सराफा कारोबार के संचालकों का कहना है कि इस बार पांच करोड़ से अधिक का व्यवसाय हुआ। मोबाइल दुकानों में भी दिनभर ग्राहकों की भीड रही।

## सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानने अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा किया

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कचहरी चौक स्थित निर्माणाधीन तहसील कार्यालय, हाईटेक स्टूडियो, बनारी-पुटपुरा चौक, खोखरा डंपिंग स्थल, केरा रोड सहित वसुंधरा उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कचहरी चौक स्थित निर्माणाधीन मॉडल तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कचहरी चौक निर्माणाधीन हाईटेक डिजीटल स्टूडियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि हाईटेक स्टूडियो बन जाने से स्थानीय क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स को विभिन्न सुविधाओं के साथ आवश्यक उपकरण मिलेगा। अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाइएंड कंप्यूटर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे है। शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान उन्होंने इस परिसर में कला केन्द्र की स्थापना के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने बनारी-पुटपुरा चौक का निरीक्षण करते हुए यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण, लाईटिंग की व्यवस्था डिवाइडर, गेट निर्माण, सुचना पटल, रेडियम पट्टी आदि लगाये जाने के निर्देश



संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वहां के कचरे के प्रबंधन का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डंपिंग यार्ड में कचरे को सही तरीके से निपटाने के लिए बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि डंपिंग यार्ड के आसपास की क्षेत्र की सफाई बनाए रखी जाए और कचरे के निपटान में पर्यावरण के प्रति सावधानी बरती जाए। कलेक्टर ने नवम्बर माह के अंत तक कचरे का निपटान कर खाली करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने केरा रोड के सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को तेजी से पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन हो। उन्होंने स्थानीय निवासियों की सुविधाओं का भी ध्यान रखने का निर्देश दिया, ताकि सड़क निर्माण के कारण उन्हें कोई असुविधा न हो। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया कि सड़क पर यातायात सुगमता से चल सके और चौड़ीकरण के बाद सड़क की गुणवत्ता में सुधार हो। उन्होंने वसुंधरा उद्यान में झूलों की मरम्मत, खराब झूलों को बदलने, सौंदर्यीकरण के लिए फव्वारे लगाने, पेड़ों की कटाई छटाई करने, पुराने खराब हो चुके उपकरणों को बदलने, चेकर टाइल्स बदलने आदि कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हा कि सौदर्यीकरण से शहर के पुराने व सबसे बड़े वसुंधरा उद्यान की कायाकल्प के साथ खूबसूरती बरकरार रहेगी। कलेक्टर ने वसुंधरा उद्यान के कायाकल्प का नियमित मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रहलाद पांडेय, जनपद पंचायत सीईओ अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अहिल्याबाई का जीवन आध्यात्म और राष्ट्रभक्ति में रहा प्रेरित

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती द्वारा आयोजित वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जन्म जयंती व माता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान सोपान 26 अक्टूबर को आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता के आर कश्यप जिलाध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में एकादशिया साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, श्रीमती अरुणा तिवारी पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग उपस्थित थे। कार्यक्रम के वक्ता के रूप में डॉ. श्रीमती सरोजनी डड़सेना, मोहनलाल कश्यप, रामकिशोर देवांगन रहे। मुख्य वक्ता श्रीमती डॉ. सरोजनी डडसेना ने रानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा महारानी दुर्गावती का जन्म दुर्गाष्टमी के दिन चंदेल वंशीय गुर्जर क्षत्रिय कुल में हुआ। दुर्गा अष्टमी पर जन्म होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया। मोहनलाल कश्यप मे रानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अहिल्या बाई का जन्म औरंगाबाद (अब छत्रपति सम्भाजी नगर) मे हुआ। वे परम शिव भक्त थीं। उन्होंने अपने पति को राजनीति का ज्ञान दिया था।

उन्होंने काशी विश्व नाथ, महाकाल उज्जैन, चित्रकूट, घृष्णेश्वर, त्रयम्बकेश्वर मन्दिरो का जीर्णोद्धार कराया था। उनका जीवन पूर्णत: आध्यात्म और राष्ट्रभक्ति में समर्पित रहा। मुख्य अतिथि मणिलाल कश्यप ने कहा आज कोई भी, रानी दुर्गावती बन सकतीं हैं, पर हमें इसके लिए परोपकार और राष्ट्रभक्ति का महाधन चाहिए। और अंत मे वे शिवमय हो गयीं। श्रामकिशोर जी देवांगन ने कहा कि श्रानी दुर्गावती, अहिल्या बाई एक ऐसे व्यक्तित्व है, जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। और उनके आदर्शों को व्यवहार में ढालने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को एकादशियां साहू, श्रीमती अरुणा तिवारी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन के आर कश्यप जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुष्यंत साहू, रेशमलाल कश्यप, श्रवण थवाईत, प्रवीण तिवारी, कृष्णा साहू, हेमलता देवांगन, शांति कश्यप, वीणा, पूर्णिमा जायसवाल, शांता साहू, उत्तरा बाई, मैना गोंड, पुतरी पाण्डेय, सरिता नेताम, गंगा बाई साहू, मालती महंत, रजनी बर्मन, राजकुमारी पटेल, धनेश्वरी मांझी, शांति मनहर, सोनी कौशले, कीर्तन बाई कश्यप, दमयंती कश्यप, अन्नपूर्णा चन्द्रा, गीता साहू, दुधबाई, अभिषेक देवांगन, सृष्टि कश्यप, आकांशा कैवर्त, आशा कश्यप, लक्ष्मीनारायण डड़सेना उपस्थित थे।

## नहरिया बाबा मार्ग में लगातार बढ़ रहा अपराध

**जांजगीर-चांपा।** जांच, गश्त, गुंडा अभियान, गुंडागर्दी कम करने की बड़ी-बड़ी बातें और दावे इन सब के बावजूद गुंडों ने पूरे शहर में आतंक मचा रखा है। कहीं घर में घुसकर तलवार चलाई जा रही है तो कहीं लूटपाट कर ब्लेड के अलावा जिला मुख्यालय के व्यस्त मार्ग में रात में रास्ता रोककर मारपीट किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस सब मामले में पुलिस चुप्पी साधी बैठी हुई है। शहर में पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और गुंडे बदमाशों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है।

पहले जिले के अंतिम छोर सूनसान इलाका में गुंडों बदमाशों का आतंक था। लेकिन अब पुलिस की सुस्त रवैया के कारण जिला मुख्यालय में ही इनका आतंक बढ़ता जा रहा है। 27 अक्टूबर की शाम 7 ब्लेड से रोहित बरेठ के सिर पर गंभीर चोट आई है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया गया। ब्लेड के हमले से चोट के कारण आंख बाल-बाल बच गई। वह पिछले तीन दिनों से सिर के दर्द से काफी सो नहीं पा रहा था। डॉक्टरों का कहना है कि ब्लेड के हमला से नस फटने की संभावना है। इसलिए सिटी स्कैन कराया गया। सिटी स्कैन रिपोर्ट के बाद ही नस फटने की जानकारी मिल पाएगी।

बजे न्यू चंदनिया पारा निवासी रोहित बरेठ अपने भाई के साथ नहरिया बाबा मंदिर दर्शन करने गया हुआ था। नहरिया बाबा मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था। इसी



दौरान नहर पार में रास्ते में तीन लोग बाइक को रुकवाए। फिर सबसे पहले पैसे की

मांग करने लगे। पैसा नहीं है कहने पर गले में चैन पर नजर पड़ गई। चैन को हाथ से पकड़कर खींच लिया, इससे उसके गले को काटता हुआ चैन टूट गया। रोहित ने वापस चैन को मांगने पर आरोपियों ने ब्लेड से सिर पर हमला कर दिया। इससे सिर लहुलूहान हो गया। आरोपियों के हाथ में ब्लेड़ होने से दोनों भाई कुछ भी नहीं कर सके। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। लहुलुहान स्थिति में तत्काल रोहित जिला अस्पताल पहुंचा। जहां उनका इलाज शुरू किया गया। आसपास से पूछने पर आरोपी का नाम पत्ता चल गया। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई

गई। पुलिस तो एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी तक आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। पुलिस के इस कार्यशैली से गुंडे बदमाशों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। इसी तरह का लूट, मारपीट बनारी रोड, हाइवे में खोखरा गांव के पास हर रोज हो रही है। हालाकि लोग कई मामले में शिकायत नहीं करते हैं। कोतवाली पुलिस हाथ में हाथ धरे बैठी है।

## अवैध महुआ शराब निर्माण हेतु रखा 10 क्विंटल महुआ का पास किया नष्ट

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन मेंअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना प्राप्त कर कार्यवाही किया जा रहा है कि आज दिनांक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम हरदी के कुछ लोग नाला किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बनाने हेतु पॉलीथीन में भरकर महुआ का पास रखे हुये है और महुआ शराब बनाने की फ़िराक में है। सूचना पर तत्काल ग्राम हरदी नाला किनारे पहुँचने 30 से 35 सफेद रंग पॉलीथिन में महुआ का पास,



वजन करीबन 10 क्विंटल भरा हुआ मिला जिसे मौके पर नष्ट किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी थाना प्रभारी सक्ती,स.उ.नि मथुरा प्रसाद मन्नेवार, प्रआर उमेश साहू, संजीव शर्मा, आर. यादराम चंद्रा, श्याम गबेल, महासिंह सिदार, गणेश साहु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 24 हजार कीमत का गांजा पकड़ा पुलिस ने

**जांजगीर।** अवैध जुआ, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए पुलिस अभियान चला रहा है। इसकी कड़ी में थाना प्रभारी डभरा को 28 अक्टूबर को मुखबिर से सूचन ामिली कि बगरैल का ताराचंद पटेल स्कूटर से गांजा को अवैध तरीके से लेकर आ रहा है। बगरैल से दोपहर करीब 1 से 2 बजे के मध्य चुराघाठा की ओर लेकर जाने वाला है। इस पर पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची। आरोपी बगरैल थाना डभारा निवासी ताराचंद पटेल(50) वर्ष के इलेक्ट्रानिक स्कूटर में तीन पैकेट मिले। उसमें 3 किलो 180 ग्राम कीमत गांजा कीमत 24000 रुपए बरामद हुआ। इसके अलावा ग्रे कलर की बिना नंबर की इलेक्ट्रानिक स्कूटर कीमत 64000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 बीएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन

फा.क्र./177, 208 एवं 209 / निर्माण (पं. रविशंकर नगर जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 23.10.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -13.11.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -13.11.2024 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 24 एम.पी.नगर कोरबा में दुर्गा पण्डाल परिसर के पास सामुदायिक भवन निर्माण (प्रभारी मंत्री मद 2023-24)(तृतीय निविदा) | 4,00,000/- | 4,000/- |
| 02 | वार्ड क्र. 25 हेलीपेड के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (प्रभारी मंत्री मद 2024-25) | 10,00,000/- | 7,500/- |
| 03 | वार्ड क्र. 30 मानिकपुर उरांव मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण। (प्रभारी मंत्री मद 2024-25) | 10,00,000/- | 7,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website :www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//


## डॉ गुप्ता के असामयिक निधन परिषद के लिए अपूरणीय क्षति

**चांपा।** अक्षर साहित्य परिषद एवं महादेवी महिला साहित्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्व डॉ सत्यप्रकाश गुप्ता के चतुर्थ पुण्य तिथि 22 अक्टूबर को मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। फिर डॉ सत्यप्रकाश गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर बारी बारी उपस्थित सभी साहित्य जनों, स्वजनों एवं. पार्षद जनों, श्रोता जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात परिषद के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद सोनी ने श्रद्धांजलि पत्र पढ़ कर डॉ सत्यप्रकाश गुप्ता के सुपुत्र डॉ शुभम गुप्ता को श्रद्धांजलि पत्र समर्पित किए। परिषद के संरक्षक डॉ रमाकांत सोनी ने अपने संबोधन में डॉ गुप्ता के पिता स्व. मदन लाल गुप्ता को एक प्रसिद्ध साहित्यकार बताते हुए उनसे अपना आत्मीय संबंध बताऐ और उनके रचना छत्तीसगढ़ दिग्दर्शिका, मानस के पात्र का उल्लेख किया। महादेवी महिला साहित्य समिति के अध्यक्षा श्रीमती सुशीला देवी सोनी ने डॉ गुप्ता की असामयिक निधन को परिषद की अपूरणीय क्षति बताया। वरिष्ठ नागरिक अमरनाथ सोनी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदीप नामदेव एवं नागेन्द्र गुप्ता सभी जनों ने डॉ गुप्ता से अपना पारिवारिक रिश्तों से जोड़कर उनके सरल सहज सादगी व्यवहार पर प्रकाश डाले। श्रीमती कल्याणी केशरवानी, शान्ता गुप्ता कहा कि गुप्ता से घर जैसा संबंध था। श्रीमती अन्नपूर्णा सोनी, चांदनी सोनी, सत्यभामा साव, तीनों देवियों ने डॉ गुप्ता के सादगी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें वीरवली विचारक, समाजसेवी, साहित्य प्रेमी, और व्यंग रचना कार बताऐ । परिषद के वरिष्ठ साहित्यकार महेश मलय, रामगोपाल गौरहा, बी एल महिलांगे, शशि भूषण सोनी यज्ञनारायण सोनी, किशन लठारे, जे जे साहू, एस के जोशी ने डॉ एस पी गुप्ता की ज़ परिषद एवं जनभावनाओं के प्रति उनकी निष्ठा, प्रेम को दर्द ए गजल, कुणडलियां, की माला में पिरोकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में डॉ शुभम के हित प्रिय जन और सहपाठी शलभ अग्रवाल, अभिनव शर्मा एवं सहकर्मी डॉ धनेश्वरी जागृति, डॉ वृजमोहन जागृति ने भी डॉ सत्यप्रकाश गुप्ता की सरल सहज स्वभाव को व्यक्त करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया। डॉ शुभम गुप्ता ने %पिता का जीवन में महत्त्व% पर रचना पढ़ी एवं अपने

श्रद्धेय पिता को हमेशा अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान

पर रखते हुए उन्हें अपने जीवन की प्रेरणास्त्रोत एवं

मार्गदर्शक बताते हए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वार्ड 25 के निर्दलीय पार्षद देव गढ़ेवाल हुए भाजपा में शामिल

**जांजगीर-नैला।** नगर निवासी वार्ड नं. 25 के निर्दलीय पार्षद देव गढ़ेवाल विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के जनसंपर्क कार्यालय में अपने साथियों के साथ पहुंचे और भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने भूषण लाल सूर्यवंशी वर्ि कशोर रत्नाकर को भी भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जांजगीर-नैला नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, जांजगीर-ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, पार्षद अमित यादव, हितेश यादव, उमेश राठौर, पुष्पेंद्र निर्मलकर, विक्की सिंह, अनिल शर्मा, सतीश शर्मा, पलाश चंदेल, सुशील सिंह, राहुल गढ़ेवाल सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 14 लोग जुआ खेलते धरे गए, नगदी रकम जब्त

**जांजगीर।** पुलिस अधीक्षक जांजगीर विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन पर दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना नवागढ़ प्रभारी निरी. भास्कर शर्मा के नेतृत्व में थाना नवागढ़ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग/रात्रि गश्त के दौरान छापा मारा गया। इस कार्यवाही के दौरान थाना नवागढ़ क्षेत्र के तेंदुआ, धाराशिव, सेमरा से 14 लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया।

**आरोपियों के नाम पता**

प्रभात कुर्रे उम्र 35 वर्ष निवासी तेंदुआ थाना नवागढ , संतराम बंजारे उम्र 25 वर्ष निवासी तेंदुआ थाना नवागढ, मानु खाण्डेकर उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ,राजा महिपाल उम्र 23 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ,अकाछुराम कुर्रे निवासी तेंदुआ थाना नवागढ,हरि राम यादव निवासी सेमरा थाना नवागढ,रवि कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ़,वेदप्रकाश केवट उम्र 25 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ,नरेन्द्र कुमार साहू उम्र



50 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ़,योगेश साहू उम्र 34 निवासी सेमरा थाना नवागढ़,भुनेश्वर उम्र 55 ,निवासी धाराशिव थाना नवागढ़,बलराम उम्र 32 वर्ष निवासी धाराशिव थाना नवागढ़,रेखा राम यादव उम्र 35 वर्ष निवासी धाराशिव थाना नवागढ़,सुखीरम उम्र 38 निवासी धाराशिव थाना नवागढ़।

उपरोक्त जुआ रेड के कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना नवागढ़ पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## अनमोल वचन......

**किसी को हराना बहुत आसान है लेकिन किसी का दिल जीतना बहुत मुश्किल है**

## विपक्ष की मांग, केंद्र को ध्यान देना चाहिए

*निज्जर मामले में भारत-कनाडा के बिगड़ते संबंधों पर चर्चा के लिए संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं एवं अन्य सभी राजनीतिक दलों की साझा बैठक बुलाने की विपक्ष की मांग पर केंद्र को तुरंत ध्यान देना चाहिए। हकीकत है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर के मामले में भारत के सामने मुश्किल स्थिति खड़ी हो गई है। अमेरिका ने दो टूक कहा है कि इस विवाद में वह कनाडा के साथ है। उसने भारत से कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लेने को कहा है। ब्रिटेन ने भी ऐसा ही रुख अपनाते हुए भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने को कहा है। फाइव आईज गठबंधन में इन तीनों के अलावा शामिल अन्य दो देशों- ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भी अब इस विवाद में सार्वजनिक टिप्पणी की है। उन्होंने भी स्पष्ट किया है कि वे कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लिए जाने के पक्ष में हैं। कनाडा की विदेश मंत्री कह चुकी हैं कि इस मामले में भारत पर दबाव डलवाने के लिए उनका देश जी-7 से भी संपर्क करेगा। साफ है कि निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामलों को अलग-अलग करके देखने और उन पर अलग रुख अपनाने की भारत की रणनीति कारगर नहीं हुई है। नतीजा है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि और विदेश संबंधों में तय प्राथमिकता के सामने गंभीर चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। ऐसे मौकों पर यह जरूरी है कि देश के अंदर संपूर्ण राजनीतिक आम सहमति बनी रहे। इस मकसद से संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं एवं अन्य राजनीतिक दलों की साझा बैठक बुलाने की विपक्षी मांग पर सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस की आशंका में दम है कि भारत-कनाडा के बिगड़ते संबंधों और कनाडा को कई अन्य देशों के मिले समर्थन से स्थिति और प्रतिकूल हो सकती है, जिसका असर ब्रांड इंडिया पर पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार इस मामले में अपने रुख से विपक्ष और सारे देश को अवगत कराए। सरकार के पास मौजूद सूचनाएं विपक्ष के साथ साझा की जानी चाहिए। आखिर देश की छवि की रक्षा सबकी जिम्मेदारी है। यह आवश्यक है कि इस मामले में सारा देश एक स्वर में बोले। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है कि जब सरकार देश की प्रतिष्ठा की रक्षा में सबको हितधारक माने। अतः अपेक्षित है कि सरकार विपक्ष की मांग को सुने।*

## राशिफल

**मेष :** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। सगे-संबंधियों के बीच तालमेल बैठाकर चलें। कुछ नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह मिलेगा।

**बृषभ :** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम सार्थक होगा।

**मिथुन :** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। घरेलू संबंधों में कटुता न आने दें। महत्वपूर्ण स्थिति में आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कर्क :** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षित होंगे। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट होगी।

**सिंह :** जीवन साथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। रोजगार की समस्याओं से चिंता होगी। किसी बड़ी यात्रा के प्रति उत्साहित होंगे। असीम प्रतिभाओं के बावजूद हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। इसे सुधारें।

**कन्या :** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला :** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृश्चिक :** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें, अन्यथा छवि कुप्रभावित हो सकती है।

**धनु :** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन भी संभव। दूसरों की बात इधर से उधर न करें। घर में खुशहाली रहेगी।

**मकर :** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से प्रसन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है।

**कुंभ :** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। महत्वपूर्ण स्थिति में आवेश में लिये गये निर्णय से हानि की आशंका है। राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीन :** आपकी सारी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# आदमी पर घमंड जैसे सुअर पर चर्बी चढ़ती

//शंकर शरण//

**सोल्झेनित्सिन ने लिखा है कि आदमी पर घमंड उसी तरह सहज चढ़ता है जैसे सुअर पर चर्बी चढ़ती है। यानी अनायास। ज् सोल्झेनित्सिन ने अपने दीर्घ, कठिन जीवन, और हजारों अन्य लोगों के जीवन के अवलोकन से पक्की तौर पर समझा था कि अच्छे और बुरे का भेद करने वाली रेखा हर मनुष्य की आत्मा से होकर गुजरती है। उसे राष्ट्रों, समाजों, दलों, मतवादों में कदापि निर्धारित नहीं किया जा सकता।**

रूसी नागिरकों का सत्य बतलाते हुए सोल्झेनित्सिन ने अपने को देवता नहीं दिखाया है। उन्होंने नोट किया है कि अपनी गिरफ्तारी से पहले, जब कैप्टन सोल्झेनित्सिन द्वितीय विश्व युद्ध में लड़कर वापस आए, और आते ही उन को बंदी बना लिया गया (उन्होंने किसी मित्र को निजी पत्र में यह टिप्पणी की थी कि हमारे देश में हर बात में पार्टी की महानता' जोडने् की क्या झक है! यही लिखना उन का अपराध था जिस के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया और बारह साल कैद तथा यातना शिविरों में बिताना पड़ा। बल्कि स्टालिन की मृत्यु हो जाने से काफी लोगों को छोड़ा गया था, उसी में सोल्झेनित्सिन भी छूट गये। यानी, संयोगवश ही।) लेकिन सोल्झेनित्सिन लिखते हैं कि गिरफ्तार होने से पहले वे भी अपने को ऊँचा समझते थे, और सेना में अपने मातहतों के प्रति उन्होंने भी जब-तब अनुचित व्यवहार किया था।

और कौन जाने यदि वे अपने सैनिक अफसर वाले कैरियर में ही सहज आगे बढ़ते जाते, तो अपने अहंकार में पता नहीं क्या करते होते! उन्होंने लिखा है कि आदमी पर घमंड उसी तरह सहज चढ़ता है जैसे सुअर पर चर्बी चढ़ती है। यानी अनायास। सो, सोवियत व्यवस्था की परिस्थितियों में, जहाँ विमानवीयकरण एक मूल तत्व था, कौन आगे चल कर क्या करता या न करता यह कहना असंभव है। अपनी गिरफ्तारी के बाद सोल्झेनित्सिन में जल्द ही निरंतर आत्म-निरीक्षण, पश्चाताप और आत्मसुधार की प्रवृत्ति बनती गई, जिस की झलक भी उन के लिखे विविध विवरणों में जहाँ-तहाँ मिलती है।

एक ऐसी निर्णायक घटना सोल्झेनित्सिन ने गुलाग' में दर्ज की है। उन के साथ एक यहूदी कैदी था, बोरिस गम्मेरोव। एक बार यह खबर आई थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने कहीं पर प्रार्थना की। इस पर उपेक्षा से सोल्झेनित्सिन ने टिप्पणी की, अरे, यह तो बस पाखंड है। यह सुनकर भावना से काँपते हुए दुर्बल गम्मेरोव ने कहा, क्या कोई राजनेता सचमुच ईश्वर में विश्वास करने वाला नहीं हो सकता। तब सोल्झेनित्सिन को एक धक्का लगा, और उन्होंने महसूस किया कि उन्होंने विचार करके नहीं, बल्कि लापरवाही से ऐसी बात कही तो सोवियत शिक्षण और जीवन में अचेत रूप से स्वीकार कर ली थी। तब से उन्होंने विशेष ध्यान देना शुरू किया कि कौन सा निष्कर्ष विवेकपूर्ण है, और कौन सा बना-बनाया है। इस विषय पर उन के इस ग्रंथ में एक अध्याय ही है। दूसरे खंड के चौथे भाग आत्मा और कँटीले तार' का पहला अध्याय उत्थान। जिस में वे दुर्भाग्य और कैद में अपने को अधिकाधिक गंभीर और सूक्ष्म चिंतन, मनन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने इस पर ध्यान दिया कि ऐसे भयावह यंत्रणा शिविरों में भी कम ही कैदी आत्महत्या करते हैं। आखिर कुछ तो है जो उन के अंदर जीवित है, प्रेरित करता है। क्या मनुष्य में कोई ऐसी चीज भी है जो केवल जिन्दा रहने या खुशी खोजने से अलग है।

सोल्झेनित्सिन ने लिखा है, कठिन जीवन मनुष्य की दृष्टि साफ करता है, उसे विवेक देता है। पर वह विवेक है क्या। क्या किसी भी कीमत पर जीना ही सर्वोपरि चीज है, दूसरों की कीमत पर भी। इसी प्रश्न के मोड़ पर दो अलग-अलग रास्ते बनते हैं। एक रास्ता ऊपर जाएगा, दूसरा नीचे। एक में तुम अपना जीवन खोओगे, दूसरे में अपनी अंतरात्मा। इसी मोड़ पर लोगों की आत्मा विभाजित होती है। अधिकांश वह रास्ता लेते हैं जिस में जीवन बचता है। पर यातना शिविरों में भी सोल्झेनित्सिन को अनेक ऐसे कैदी मिले जिन्होंने अंतरात्मा की कीमत पर कोई सुविधा लेने से इन्कार किया। उन्होंने ऐसे कुछ पात्रों की सत्य कथा भी पूरे-पूरे विस्तार से दर्ज की है। जैसे अन्ना स्क्रिपनिकोवा। जबकि सोवियत शिक्षा और नैतिकता ने लोगों को यह आम पाठ पढ़ाया था कि कम्युनिस्ट पार्टी का हित और आदेश ही नागरिकों के लिए सब से पहला नैतिक मानदंड है। जिस की अनिवार्य निष्पत्ति यह भी हो जाती थी, कि तब वैयक्तिक स्तर पर जिस में अपना हित है वही कार्य सही है। अर्थात कोई स्वतंत्र, हम सब से, पार्टी और देश से भी ऊपर, कोई नैतिक मूल्य नहीं है। ऐसे लोग कुछ भी अनुचित करने को तैयार हो सकते हैं जिन्होंने यह दयनीय मतवाद स्वीकार कर लिया है कि लोगों का जीवन बस सुख के लिए बना है।

जब गुलाग ' के प्रकाशन के बाद सोल्झेनित्सिन को सोवियत संघ से निष्कासित किया गया, तब उन के बयानों में सुखवाद को क्षुद्र बता कर कठोर आलोचना से पश्चिमी बुद्धिजीवी क्षुब्ध हो जाते थे। उन्हें आशा थी कि सोल्झेनित्सिन यूरोप और अमेरिका में लोगों के उन्मुक्त जीवन की तारीफ करेंगे। पर सोल्झेनित्सिन ने मानवता को एक मानकर दूसरे लोगों, देशों की स्थिति से बेपरवाह केवल अपने सुख और उन्नति की चिन्ता, और केवल राष्ट्रीय हित और राष्ट्रवाद को अनैतिक बताया। यह भी, कि ऐसा देश पूरी तरह आश्वस्त भी नहीं रह सकता जब तक दूसरे देशों में जुल्म, अत्याचार, और अमानवीयता हो। उन की दृष्टि में न्याय और विवेक को राष्ट्रीय सीमाओं में विभाजित नहीं किया जा सकता। वह अखंड है। इन बातों पर पश्चिम बुद्धिजीवियों ने सोल्झेनित्सिन को सनकी धार्मिक कहा था। पर सोल्झेनित्सिन ने अपने दीर्घ, कठिन जीवन, और हजारों अन्य लोगों के जीवन के अवलोकन से पक्की तौर पर समझा था कि अच्छे और बुरे का भेद करने वाली रेखा हर मनुष्य की आत्मा से होकर गुजरती है। उसे राष्ट्रो, समाजों, दलों, मतवादों में कदापि निर्धारित नहीं किया जा सकता। अतः किसी कार्य का परिणाम नहीं, बल्कि उसे कोई कैसे, किस भावना और मूल्य के लिए करता है इस से उस कार्य का वास्तविक अर्थ तय होता है। तब आप अपनी दुर्बलता देख पाते हैं, और दूसरों की कमजोरियाँ भी। यानी, तब आप का चारित्रिक उत्थान होता है। आप की आत्मा जो पहले रूखी थी, अब कष्ट झेल कर परिपक्व होती है। आप अपने जीवन की परीक्षा करते हैं और पाते हैं कि आप ने कितने बुरे और लज्जाजनक काम किये थे।

सोल्झेनित्सिन याद करते हैं कि कई बार बुरे काम करते हुए वे आश्वस्त थे कि वे सही कर रहे हैं। अनेक बार जब वे अपने को बिलकुल निष्कलंक समझ। रहे थे, तो वस्तुतः भूल पर थे। जब उन्होंने समझा था कि कोई ईश्वर नहीं है, तब ईश्वर उन के साथ था! जैसा सोल्झेनित्सिन ने कहीं लिखा है, हे जगदीश्वर! मैं पुनः तुम पर विश्वास करता हूँ। मैंने तुम्हें खारिज किया, पर तुम मेरे साथ रहे। सोल्झेनित्सिन ने अंततः पाया कि, जीवन का अर्थ भौतिक उन्नति में नहीं है, जो मानने के हम आदी हो गये हैं, बल्कि अपनी आत्मा के उत्थान में है। यह सत्य उन्होंने बिना भयंकर कष्ट उठाए नहीं पाया होता, इस के लिए उन्होंने जेल को अपने जीवन में आने के लिए धन्यवाद दिया। इसलिए यह कुछ विचित्र बात है कि सोवियत कम्युनिज्म के दौर में हजारों, लाखों लोगों के उत्पीडन्, अंतहीन यंत्रणाओं, जुल्म, और। वेदना के विवरणों से भरा यह ग्रंथ पढ़कर मायूसी और निराशा नहीं होती। उलटे किसी सहृदय पाठक के मन में अंततः एक आशाजनक भाव ही उठता है। क्योंकि आद्योपांत पढने् पर गुलाग आर्किपेलाग' का संदेश यही है कि घरघोर बुराइयों के बीच भी कोई मनुष्य अच्छाई को पहचान और चुन सकता है। यह इस महान ग्रंथ की एक मूल्यवान विरासत है।

# कांग्रेस घिसेपिटेपन से मुक्ति की अंगड़ाई नहीं लेती, भाजपा को ढोते रहिए

//पंकज शर्मा//

**नरेंद्र भाई की टोपी में अगर ईवीएम-फीवीएम तिकडमों का कोई खरगोश है भी तो इस हक़ीक़त से कैसे इनकार करें कि सामुदायिक, सामाजिक और जातिगत समीकरणों पर लगातार केंद्रित रहने का काम करने वाली एक बेहद प्रतिबद्ध पलटन भाजपा के पास है। क्षेत्रीय दलों के पास भले ही अन्यान्य कारणों से ऐसी टोलियां हैं, मगर कांग्रेस तो समर्पित हमजोलियों के नाम पर एक छिछली और सतही गुदड़ी ओढ़ कर पड़ी हुई है। इसलिए जब तक कांग्रेस अपने घिसेपिटेपन से मुक्ति की अंगड़ाई नहीं लेती, तब तक भाजपा को ढोते रहिए।**

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों और उन के साथ उत्तर प्रदेश समेत 15 राज्यों में हो रहे 2 लोकसभा क्षेत्रों और 48 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों से झांक रहा प्रतिपक्षी एकजुटता का दृश्य देख कर जिन की जी नहीं मचला रहा है, मैं उन के धैर्य और आस की दाद देता हूं। हरियाणा का झन्नाटेदार थप्पड़ खाने के बाद भी जिस इंडिया-समूह को वे तारे नजर् नहीं आए हैं, जिन में निश्छल आपसी तालमेल की अनिवार्यता का पैगाम छिपा है तो 2029 की आकाशवाणी की धुन हम-आप अभी से समझ लें तो क्या बेहतर नहीं होगा।

उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव नहीं माने तो कांग्रेस संन्यास-भाव ओढ़ कर दधीचि बन गई। मगर फिर भी मध्यप्रदेश में अखिलेश को इतनी लाज नहीं आई कि अब शिवराज सिंह चौहान के बेटे की हो गई बुधनी में कांग्रेस का मान रखने के लिए अपना प्रत्याशी न उतारते। महाराष्ट्र में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलनी चाहिए थीं, उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने उस से दो दर्जन कम दीं। झारखंड में तेजस्वी यादव ने बाद में भले ही थोड़ी परिपक्वता दिखाई, मगर शुरुआत तो हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर बेज़ा दबाव बना कर ही की।

तो अगर कोई सोच रहा हो कि उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर कांग्रेस आह्लादित हो कर समाजवादी पार्टी के साथ नाचेगी; कि महाराष्ट्र में कम सीटें मिलने से उम्मीदवारी के आकांक्षी जिन दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के पंख झर गए हैं, वे उद्धव की शिवसेना और पवार की एनसीपी के साथ आनंदित हो कर ठुमके लगाएंगे; कि झारखंड में आरजेडी अब जेएमएम के साथ तुम चंदन, हम पानी' हो जाएगी; तो ऐसी मासूमियत पर कौन न मर जाए ऐ खुदा!

पश्चिम बंगाल से ले कर असम, मेघालय और सिक्किम तक; बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात से ले कर उत्तराखंड तक; और पंजाब से ले कर कर्नाटक और केरल तक विपक्षी एकजुटता की गठरी का जर्जरपन नंग-धडंग हमारे सामने खड़ा है। इस सत्य पर, इस तथ्य पर, जिन्हें लीपापोती करनी हो, करें। जिन्हें मुंह बाए सामने खड़ी इस तीलीलीली-सच्चाई से आंखें चुरानी हों, चुराएं। लेकिन एक बात आज ही गांठ बांध लें कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों के बाद, अगले आम चुनाव तक, 17 प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होंगे और अगर उन में प्रतिपक्षी एकजुटता का यही हश्र होता हुआ लोगों ने देखा तो 2029 में भी भारतीय जनता पार्टी का कोई राष्ट्रीय विकल्प तैयार हो पाने का सवाल तक भी नहीं उठेगा।

विपक्ष की एकता को जैसे-तैसे बचाए रखने की आज ज़हमत उठा रहे पुरोधाओं की प्रभावशीलता पांच बरस बाद की गर्मियों में कितनी रह जाएगी? शरद पवार तब 88 साल के होंगे। लालू प्रसाद यादव 81 के हो जाएंगे। सोनिया गांधी 82 की होंगी। उद्धव ठाकरे 69 के हो जाएंगे। एक राहुल गांधी को छोड़ दें तो क्या तब सुप्रिया सुले, तेजस्वी यादव और आदित्य ठाकरे को विपक्षी एकता का फलक अपने लिए चुंबकीय-तत्व की कारगर भूमिका में स्वीकार कर लेगा। क्या पांच साल बाद अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और वाम-दलों का कोई प्रकाश करात, माणिक सरकार, पिनरई विजयन या डी. राजा प्रतिपक्षी बरामदे में सियासी-अप्सरा सरीखा आकर्षण केंद्र बने रह पाएंगे। विजयन तब 84 के हो रहे होंगे और करात 81 के। अपरिवर्तनीय यथार्थ यह भी है कि नरेंद्र भाई मोदी भी पांच साल बाद 79 के हो रहे होंगे और भाजपा के भीतरी झंझावातों के बावजूद वे तब तक प्रधानमंत्री बने रह भी गए तो भी 2029 का चेहरा तो वे नहीं होंगे। यह भी असलियत है कि अमित शाह भले ही उम्र के लिहाज़ से तब 65 के ही होंगे, मगर संघ-कुनबे का अंतःपुर उन्हें भाजपा-सरकार की अगुआई करने वाला चेहरा नहीं बनाएगा। मगर 2029 के दृश्य से नरेंद्र भाई और अमित भाई की ग़ैरमौजूदगी के बावजूद 2029 में भाजपा की सेहत पर कोई ज़्यादा फ़र्क़ इसलिए नहीं पड़ेगा कि उस की हुकूमती संरचना ने इन दस वर्षों में ऐसी संस्थागत शक्ल अख़्तियार कर ली है कि अगले पांच साल में यह मायने ही नहीं रखेगा कि शिखर-सूरत किस की है।

2024 के चुनाव नतीजों के बाद भाजपा से वह वक़्त तेज़ी से विदाई ले रहा है, जब पडने् वाला हर वोट प्रत्याशी के बजाय सीधे नरेंद्र भाई को जाता था। एकल व्यक्ति-उपासना के दिन भाजपा से दफ़ा हो गए हैं। अब भाजपा के भीतर और उस के समर्थकों के बीच यह डर नहीं है कि नरेंद्र भाई नहीं होंगे तो क्या होगा। उन के न होने से भाजपा कहीं पूरी तरह डूब तो नहीं जाएगी। वे सब यह बात अच्छी तरह समझ गए हैं कि नरेंद्र भाई के होने के बावजूद भाजपा को जितना डूबना था, डूब चुकी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस अंतिम निष्कर्ष पर पहुंच गया है कि अब तो भाजपा को उबारने के लिए उसे मोदी-मुक्त किए बिना कोई रास्ता ही नहीं है। इसलिए मोहन भागवत भाजपा को व्यक्तिपरक दौर से बाहर खींच कर संगठनपरक राह पर ले जाने की कवायद में भिड़े हुए हैं।

ऐसा भी नहीं है कि अगर ज़रूरी हुआ तो हिंदू-मतदाताओं की आधारशिला को खिसकने से बचाए रखने वाला कोई चेहरा भाजपा के पास 2029 में होगा ही नहीं। क्या आप को लगता है कि योगी आदित्यनाथ जब महज़ 57 बरस के हो रहे होंगे, तब तक उन का बटेंगे तो कटेंगे' मंत्र का दम निकल चुका होगा। कड़वा घूंट निगल कर ही सही, इस वास्तविकता को स्वीकार कर लीजिए कि 2024 के चुनाव में वोट डालने गए साढ़े 51 करोड़ मतदाताओं में से साढ़े 23 करोड़ ने भाजपा का समर्थन किया है और साढ़े 36 प्रतिशत के इस आधार-अनुपात पर किसी के होने-न-होने से एकाध अंक नीचे-ऊपर से ज़्यादा का असर कुछ बरस तो पड़ता नहीं दिख रहा।

भाजपा से आमने-सामने की ताल ठोकने के लिए कांग्रेस को अपना मताधार कम-से-कम 15 प्रतिशत बढ़ाना होगा। अगर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से यह बढ़ोतरी संभव नहीं है तो कांग्रेस के पास इस के अलावा क्या विकल्प है कि वह क्षेत्रीय दलों के साथ मिल-बांट कर आगे की राजनीति करे। और, अगर कांग्रेस जैसी अखिल भारतीय उपस्थिति वाले राजनीतिक दल के लिए अकेले मंज़िल हासिल करना अभी मुमकिन नहीं है तो फिर लोकसभा चुनाव में महज़ साढ़े चार प्रतिशत वोट हासिल करने वाली समाजवादी पार्टी, सवा चार प्रतिशत वोट लेने वाली तृणमूल कांग्रेस, दो प्रतिशत वोट झोली में डाले घूम रही बहुजन समाज पार्टी, डेढ़ प्रतिशत वाले राष्ट्रीय जनता दल, दो प्रतिशत वोट वाले वाम दलों, पौने दो प्रतिशत मताधार वाले द्रमुक और एक-एक प्रतिशत वाली आम आदमी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस तो हैं किस खेत की मूलियां। सो, बिना छीनाझपटी किए एक मेज़पोश पर बैठे रहने की समझदारी अगर प्रतिपक्षी क्षत्रप नहीं दिखाएंगे तो उन का भाग्य मुझे तो इतना प्रबल दिखाई दे नहीं रहा कि अपने आप कोई छींका टूट कर उन की गोद में आ गिरे।

नरेंद्र भाई की टोपी में अगर ईवीएम-फीवीएम तिकडमों का कोई खरगोश है भी तो इस हक़ीक़त से कैसे इनकार करें कि सामुदायिक, सामाजिक और जातिगत समीकरणों पर लगातार केंद्रित रहने का काम करने वाली एक बेहद प्रतिबद्ध पलटन भाजपा के पास है। क्षेत्रीय दलों के पास भले ही अन्यान्य कारणों से ऐसी टोलियां हैं, मगर कांग्रेस तो समर्पित हमजोलियों के नाम पर एक छिछली और सतही गुदड़ी ओढ़ कर पड़ी हुई है। इसलिए जब तक कांग्रेस अपने घिसेपिटेपन से मुक्ति की अंगड़ाई नहीं लेती, तब तक भाजपा को ढोते रहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक प्रदर्शनी में पूजा-अर्चना की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आदिवासी कलाकारों को सम्मानित किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में कलाकृति प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक प्रदर्शनी का दौरा किया।



झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की नेता कल्पना सोरेन झारखंड के गिरिडीह जिले के गांडेय में झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले गांवों और इलाकों का दौरा करते हुए निवासियों से बातचीत करती हैं।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उरण विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा-महायुति उम्मीदवार महेश बाल्दी की नामांकन सभा को रायगढ़ में संबोधित किया।



झारखंड के रांची में शराब आपूर्ति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी विनय चौबे के आवास से बाहर निकलता एक वाहन।

# धनतेरस पर तोहफा, कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, पंप डीलरों की सात साल पुरानी मांग पूरी




**नईदिल्ली, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सरकारी तेल कंपनियों द्वारा अंतर-राज्यीय माल ढुलाई को तर्कसंगत बनाने से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के कई दूर-दराज क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आई है। वहीं कंपनियों ने सात साल से लंबित मुकदमे के समाधान के बाद पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर डीलरों को दिए जाने वाले कमीशन में 65 पैसे प्रति लीटर और डीजल पर 44 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आइओसी) इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कंपनी को डीलर मार्जिन में संशोधन (आज से प्रभावी) का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है।

इससे उत्पादों के खुदरा बिक्री मूल्य पर कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा। वर्तमान में डीलरों को पेट्रोल पर 1,868.14 रुपये प्रति किलोलीटर के कमीशन के साथ उत्पाद बिल योग्य मूल्य 0.875 प्रतिशत भुगतान किया जाता है। जबकि डीजल पर 1,389.35 रुपये प्रति किलोलीटर का कमीशन और उत्पाद बिल योग्य मूल्य का 0.28 प्रतिशत भुगतान किया जाता है। कंपनी ने कहा कि डीलर कमीशन बढ़ने से ग्राहक सेवा मानकों के बेहतर होने के साथ ही पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों के कल्याण में वृद्धि होगी। कंपनी ने कहा कि अंतर-राज्यीय मालभाड़े को तर्कसंगत बनाने का काम शुरू किया है, जिससे राज्य के भीतर खुदरा बिक्री मूल्य में होने वाले अंतर में कमी आएगी। हालांकि यह कमी उन राज्यों में लागू नहीं होगी, जहां पर आदर्श आचार संहिता लागू है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कंपनियों द्वारा किए गए एलान को धनतेरस का तोहफा बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, धनतेरस के शुभ अवसर पर, तेल कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंप डीलरों को दिया गए तोहफे का दिल से स्वागत है। सात साल से चली आ रही मांग पूरी हुई। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई को तर्कसंगत बनाने से दूरस्थ स्थानों (तेल विपणन कंपनियों के पेट्रोल और डीजल डिपो से दूर) पर रहने वाले उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जिसके परिणामस्वरूप देश के कई हिस्सों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी। एक्स पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि ओडिशा के मलकानगिरी के कुनानपल्ली और कालीमेला का उदाहरण दिया, जहां पेट्रोल की कीमत क्रमशः 4.69 रुपये और 4.55 रुपये कम हो जाएगी और डीजल की कीमतों में क्रमशः 4.45 रुपये और 4.32 रुपये की कटौती होगी। इसी तरह, छत्तीसगढ़ के सुकमा में पेट्रोल की कीमत में 2.09 रुपये और डीजल की कीमत में 2.02 रुपये की कमी आएगी।

## पुल की रेलिंग तोड़ हवा में लटकी बस, 50 यात्रियों की अटकी जान, नजारा देख हर कोई रह गया सन्न

**मंडला,भुआ बिछिया।** जाको राखे साइयां मार सके न कोय, ये कहावत एक बार फिर सही साबित हुई है। मध्य प्रदेश के डिंडोरी से बिछिया आ रही आकाश ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर हलोन पुल की रेलिंग पर चढ़ गई। घटना स्थल और बस की स्थिति को देखकर रुह कांप जाती है। किन्तु बस में सवार कोई यात्री हताहत नहीं हुए।भुआ बिछिया से डिंडोरी मार्ग पर नौ किलो मीटर दूर हलोन नदी पर बने पुल में डिंडोरी से बिछिया आकाश ट्रेवल्स की 50 से अधिक सवारियां लेकर आ रही यात्री बस क्रमांक एमपी पीए 0795 शाम पांच बजे अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग तोड़ कर बस का चालक वाला हिस्सा पुल पर लटक गया। जबकि पिछले हिस्से का टायर पुल की रेलिंग से जाकर टिक गया। बस छह से आठ इंच और बढ़ जाती तो पुल से बस 100 फिट नीचे बहते पानी में गिर जातीं। तब हादसे की कल्पना मात्र से रूह कांप जाती है। इतने बड़े हादसे के कारण की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस दल मौके पर पहुंच गया है। वहीं बस में सवार यात्री दूसरे साधनों से अपने गंतव्य को रवाना हो गए हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है ब्रेक फेल हो जाने से बस नियंत्रण से बाहर हो गई।तो कुछ का कहना है दोपहिया वाहन को बचाने के चक्कर में घटना घटित हो गई।

## सुरक्षा के लिए मोर्चे पर दो हजार सुरक्षाकर्मी, रामनगरी म ATS-STF भी सक्रिय, रहेगा रूट डायवर्जन

**अयोध्या, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दीपोत्सव की सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। रामनगरी को 14 जोन एवं 40 सेक्टर में बांट कर निगरानी की जा रही है। करीब दो हजार सुरक्षाकर्मी विभिन्न सुरक्षा प्वाइंटों पर तैनात कर दिए गए हैं। यातायात डायवर्जन भी लागू कर दिया गया है। मंगलवार को रिहर्सल के साथ सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आईजी रेंज प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह, एसएसपी राजकरन नय्यर ने रामनगरी का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। सुरक्षा कर्मियों को निर्देश किया गया है कि अतिथियों की सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए। बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अतिविशिष्ट अतिथि दीपोत्सव में शामिल होंगे। इसके आवागमन को देखते हुए मार्ग डायवर्जन भी रहेगा। रामपथ, धर्मपथ, भक्तिपथ सहित अन्य प्रमुख मार्गों एवं मंदिरों के आसपास बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। एटीएस व एसटीएफ की टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि दीपोत्सव की सुरक्षा के लिए सुदृढ़ प्रबंध किए गए हैं। बम निरोधक दस्ते को लगातार भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग का निर्देश दिया गया है। आम जनता से भी अपील है कि पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।राम मंदिर सहित पूरे रामजन्मभूमि परिसर में यत्र-तत्र तैनात सुरक्षाकर्मियों को मंगलवार को शपथ दिलाई गई। परिसर में स्थित रामजन्मभूमि पुलिस चौकी के सामने आयोजित हुए कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने सभी सुरक्षाकर्मियों को राष्ट्रीय एकीकरण अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई। इसका आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। इसके साथ आगामी 31 अक्टूबर को उनकी जयंती भी मनाने का निर्णय लिया गया। एसपी सुरक्षा ने बताया कि पुलिसकर्मियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई है।

# LoC पर जवानों ने धूमधाम से मनाई दीवाली, लक्ष्मी-गणेश की पूजा के साथ दीयों से रौशन हुए बॉर्डर

**अखनूर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अपने घरों से मीलों दूर नियंत्रण रेखा की रखवाली कर रहे सेना के जवान और अधिकारी सशस्त्र बलों की पारिवारिक परंपरा के अनुसार रोशनी के त्योहार दीवाली मना रहे हैं।सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की दुश्मन की कोशिशों के खिलाफ उच्च स्तर की सतर्कता और सतर्कता बरतते हुए ये जवान त्यौहार के अवसर पर दीये जलाते हैं और पटाखे फोड़ते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हम अपने घरों से मीलों दूर दीवाली मनाते हैं। सेना हमारे लिए एक और बड़े परिवार की तरह है। हमारी परंपरा के अनुसार, हम अपने साथी जवानों और अधिकारियों के साथ दीवाली मनाते हैं।उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी और उत्सव एक साथ चलते हैं, क्योंकि सीमा पार से किसी भी तरह की



अनहोनी को रोकने के लिए एलओसी पर सैनिक हाई अलर्ट पर रहते हैं। सीमा पर गश्त कर रहे एक अन्य सैनिक ने कहा कि हम सीमा रेखा पर चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहते हैं। उत्सव और कर्तव्य एक साथ चलते हैं। हम देश के विभिन्न हिस्सों से आए वर्दीधारी अपने जवानों के साथ उत्सव का आनंद लेते हैं।

उत्सव में शामिल एक अन्य सैनिक को निगरानी ग्रिड पर तैनात किया गया था, जो एलओसी पर हर गतिविधि पर आधुनिक गैजेट और उपकरणों से निगरानी कर रहा था, ताकि सतर्कता में कोई चूक न हो।नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक दीवाली के उत्सव को आगे बढ़ाते हुए, सेना ने पुंछ और राजौरी जिलों में कई स्थानों पर पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ इसे मनाया। पूरे देश में दीवाली धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई जाती है। लोग पूजा करते हैं, अनुष्ठान करते हैं, अपने घरों को दीयों, रंगोली, गहनों और रोशनी से सजाते हैं, स्वादिष्ट मिठाइयों और व्यंजनों का आनंद लेते हैं, नए पारंपरिक परिधान पहनते हैं, और भी बहुत कुछ करते हैं।

## कब थमेगा विमानों में बम होने की धमकी का सिलसिला अब 100 से ज्यादा उड़ानों को आई खतरे की कॉल

**नईदिल्ली, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

देश में विमानों को धमकियां देने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को विभिन्न भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित 100 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 16 दिनों में 510 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकियां मिल चुकी हैं, हालांकि बाद में सभी अफवाह निकलीं। धमकियां अधिकतर सोशल मीडिया के माध्यम से दी गईं। एयर इंडिया को करीब 36 उड़ानों और इंडिगो को करीब 35 उड़ानों के लिए धमकियां मिलीं। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विस्तारा को 32 उड़ानों के लिए धमकियां मिलीं। एयर इंडिया की कई उड़ानें 29 अक्टूबर 2024 को सोशल मीडिया पर प्राप्त सुरक्षा खतरों के अधीन थीं।एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, संबंधित अधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया और नियामक अधिकारियों के मार्गदर्शन के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। इस बीच, एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि तीन एयरलाइनों को उनके एक्स हैंडल पर बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा को सोमवार को धमकियां मिली थीं और सत्यापन के बाद यह अफवाह निकली।

## देश के पहले आयरनमैन सांसद बने तेजस्वी सूर्या, साढ़े 8 घंटे में 113 किमी दूरी नापी, पीएम मोदी ने भी की तारीफ



**पणजी, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आयरनमैन 70.3 ट्रायथलान चैलेंज पूरा कर इतिहास रचा है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले सांसद बन गए हैं। गोवा में आयोजित 70.3 ट्रायथलान चैलेंज में 1.9 किमी की तैराकी, 90 किमी साइकिलिंग और 21.1 किमी की दौड़ शामिल है। तेजस्वी ने ये तीनों सेगमेंट 8 घंटे, 27 मिनट और 32 सेकेंड में पूरे किए। जिसकी कुल दूरी 113 किमी है।इस चैलेंज में दुनियाभर से 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि के लिए सूर्या को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, सराहनीय उपलब्धि! मुझे यकीन है कि यह कई युवाओं को फिटनेस संबंधित गतिविधियों के लिए प्रेरित करेगा। सूर्या ने 1.9 किमी की तैराकी 57.24 मिनट में पूरी की। 4.06.41 घंटे में 90 किमी साइकिल चलाया। उन्होंने हाफ मैराथन 2.56.30 घंटे में पूरी की।इससे पहले, 2022 में सूर्या रिले टीम का हिस्सा रहते हुए 90 किमी साइकिलिंग सेगमेंट पूरा कर चुके हैं। सूर्या ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले चार महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस में सुधार करने के लिए ट्रेनिंग की है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने यह चुनौती पूरी कर ली है! सूर्या ने चैलेंज पूरा करने के लिए प्रेरणा का श्रेय फिट इंडिया मूवमेंट को दिया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस गतिविधि और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। फिट इंडिया मूवमेंट को पीएम मोदी ने फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था

# सीबीआई-आरबीआई अफसर बनकर बुजुर्ग से ठगे 40 लाख रुपए, अलग-अलग खातों में जमा कराए पैसे

**इंदौर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

देश में ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को इंदौर की एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले 71 वर्षीय बुजुर्ग को जालसाझों ने अपना शिकार बनाया। साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग को गिरफ्तारी वारंट और सुप्रीम कोर्ट के जाली आर्डर भेजकर धमकाया। ठगों ने बुजुर्ग पर फर्जी ट्रांजेक्शन का आरोप लगाया। इसके बाद ठगों ने बुजुर्ग से अलग-अलग खातों में 40 लाख 70 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिये।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) राजेश दंडोतिया ने बताया कि दो आरोपियों ने मुंबई पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बनकर एक निजी कंपनी में काम करने वाले बुजुर्ग को फोन किया। उन्होंने बताया कि जालसाजों ने पीड़ित को बताया कि मुंबई में केनरा बैंक के एक खाते के जरिए उसके नाम पर 2.60 करोड़ रुपये का फर्जी लेनदेन किया गया है।दंडोतिया ने बताया कि जालसाजों ने बुजुर्ग से



वीडियो कॉल की और उसे डिजिटल अरेस्ट में रखने की धमकी दी और फर्जी पूछताछ के दौरान उसे निर्देश देते रहे। गिरफ्तारी के डर से शिकायतकर्ता ने अपनी बचत से 40.7 लाख रुपये आरोपियों के अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए।अधिकारी ने बताया कि जालसाजों ने व्यक्ति से कहा कि यदि वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच में निर्दोष पाया जाता है तो एक या दो घंटे के भीतर उसके खाते में राशि वापस कर दी जाएगी। दंडोतिया ने बताया कि ठगी का अहसास होने पर व्यक्ति ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने जब स्वजनों को घटना बताई तो उसके बाद एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत की गई।

अपराध शाखा ने बयान लेकर मंगलवार को मामला दर्ज कर लिया।अपराध शाखा के एडीसीपी के मुताबिक, हाल ही में साइबर अपराधियों ने करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी की है। हालांकि, शिकायत के बाद अपराध शाखा 70 लाख से ज्यादा की राशि वापस दिला दी है।शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच चल रही है। डिजिटल गिरफ्तारी साइबर धोखाधड़ी का एक नया तरीका है जिसमें जालसाज कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर लोगों को ऑडियो या वीडियो कॉल पर धमकाते हैं और गिरफ्तारी के झूठे बहाने से उन्हें डिजिटल रूप से बंधक बना लेते हैं।

## झारखंड में दो हिस्सों में बंटी 96 वैगन वाली मालगाड़ी, गरीब रथ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें अन्य स्टेशनों पर खड़ीं रहीं

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के लातेहार जिले के छिपादोहर स्टेशन के निकट मंगलवार को 96 वैगन वाली एक मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंट गई जिससे अप लाइन पर परिचालन बाधित हो गया। इससे रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस हेहेगड़ा स्टेशन और गरीब रथ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें पास के अन्य स्टेशनों पर खड़ी रहीं।इसी तरह हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, जम्मूतवी-टाटा एक्सप्रेस व अन्य सवारी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया। सूचना पाकर बरवाडीह रेलवे स्टेशन से कैरेज एंड वैगन के कर्मी मौके पर पहुंचे। देर रात खबर लिखे जाने तक रेल यातायात सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे थे। मंगलवार रात करीब 8.30 बजे कोयला लदी मालगाड़ी छिपादोहर स्टेशन पार कर रही थी। इसी क्रम में यह दो हिस्से में बंट गई। इससे प्लेटफार्म का पूरा क्षेत्र प्रभावित हो गया। सभी वैगनों में कोयला लोड होने के कारण मालगाड़ी को हटाने में काफी परेशानी आ रही थी।सूचना मिलने के बाद बरवाडीह रेलवे स्टेशन से कैरेज एंड वैगन के कर्मी मौके के लिए रवाना हुए।

# यूक्रेन से जंग के बीच रूस ने किया परमाणु प्रशिक्षण अभ्यास क्या है पुतिन का प्लान, अमेरिका-नाटो पहले ही दे चुके चेतावनी

**मॉस्को, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अपनी परमाणु शक्ति दिखाने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को देश के परमाणु बलों का नया अभ्यास शुरू किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रूस को परमाणु हथियारों को तैयार रखने की जरूरत है। युक्रेन के साथ पिछले ढाई वर्ष से ज्यादा समय से जारी युद्ध के अहम बिंदु पर रूस इस तरह का परमाणु प्रशिक्षण अभ्यास महज दो सप्ताह में दूसरी बार कर रहा है। मास्को लगातार कह रहा है कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगी देश लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ यूक्रेन की मदद करते हैं तो रूस जवाब देगा। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन की ओर से जारी किए गए वीडियो में पुतिन अभ्यास की घोषणा करते दिखाई दिए। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, हम बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ परमाणु हथियारों के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों के साथ काम करेंगे। परमाणु हथियारों का प्रयोग एक अत्यंत



असाधारण उपाय होगा, लेकिन इन्हें उपयोग के लिए तैयार रखना होगा। रूसी बलों ने इससे पहले 18 अक्टूबर को परमाणु अभ्यास किया था। रूस दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्ति है। अकेले रूस और अमेरिका के पास विश्व के 88 प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने युद्ध के दौरान रूस के परमाणु रुख में कोई बदलाव नहीं देखा है। लेकिन 2022 में संयुक्त राज्य अमेरिका सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक बिल बर्न्स के अनुसार, रूस द्वारा सामरिक परमाणु हथियारों के संभावित उपयोग के बारे में इतना चिंतित है कि उसने पुतिन को ऐसे हथियारों के उपयोग के परिणामों के बारे में चेतावनी दी है।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने रूस को चेतावनी दी है कि यदि वह परमाणु हथियार का प्रयोग करेंगे तो यह जंग सीधा तीसरे विश्व युद्ध की ओर जा सकती है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने भी परमाणु युद्ध के जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी। पुतिन ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और नए बाहरी खतरों और जोखिमों को देखते हुए आधुनिक और लगातार उपयोग के लिए तैयार रणनीतिक बलों का होना महत्वपूर्ण है। रूस नई स्थिर और मोबाइल-आधारित मिसाइल प्रणालियों की ओर बढ़ रहा है।पेंटागन ने सोमवार को कहा कि अगर उत्तर कोरिया रूस के युद्ध में शामिल होता है, तो अमेरिका यूक्रेन के अमेरिकी हथियारों के उपयोग पर नई सीमाएं नहीं लगाएगा, क्योंकि नाटो ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैन्य इकाइयों को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया है।

## ब्रिक्स के एक और सदस्य का चीन को झटका, भारत के बाद ब्राजील ने BRI प्रोजेक्ट में शामिल होने से किया मना



**बीजिंग, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) प्रोजेक्ट को एक और बड़ा झटका लगा है। ब्राजील ने चीन की बीआरआई योजना से दूरी बनाते हुए इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। ब्राजील चीन की अरबों डालर की इस पहल में शामिल नहीं होने वाला दूसरा ब्रिक्स देश बन गया है। उसने भारत की ही तरह ब्रिक्स समूह में इसका समर्थन नहीं किया।ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने मंगलवार को कहा कि ब्राजील बीआरआई में शामिल नहीं होगा, बल्कि चीनी निवेशकों के साथ साझेदारी के वैकल्पिक तरीके खोजेगा। उन्होंने ब्राजील के अखबार ओ ग्लोबो से कहा कि ब्राजील चीन के साथ संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाना चाहता है, बिना किसी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।एमोरिम ने कहा, हम कोई संधि नहीं कर रहे हैं। ब्राजील का यह फैसला चीन की इस योजना के विरोधाभासी है कि 20 नवंबर को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ब्रासीलिया की राजकीय यात्रा के दौरान इसे मुख्य रूप से अंजाम दिया जाए।

## पंजाब के वैज्ञानिक तेंजिदर सिंह ग्रेवाल कनाडा में बने विधायक, विदेश में कैसे तय किया नेता बनने तक का सफर

**बरनाला।** बरनाला जिले के भदौड़ के मूल निवासी और तर्कशील नेता मास्टर राजिंदर भदौड़ के छोटे भाई डॉक्टर तेजिंदर सिंह ग्रेवाल पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी, लुधियाना से पीएचडी प्राप्त करने के बाद कनाडा में विधायक चुने गए हैं।तेजिंदर सिंह ग्रेवाल और उनकी पत्नी डॉक्टर रविंदर कौर ग्रेवाल कुछ समय तक यूनिवर्सिटी में पढ़ाया और 1999 के आसपास कनाडा चले गए। ग्रेवाल अब कनाडा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञानी के रूप में काम कर रहे हैं।उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा भदौड़ के सरकारी स्कूल से की है। तेजिंदर ग्रेवाल को कनाडा में एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक और समर्पित सामाजिक नेता के रूप में पहचाना जाता है।उन्होंने सास्काटून-सदरलैंड विश्वविद्यालय सीट के लिए एनडीपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता। उन्होंने सस्केचेवान की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कलाओं पर बड़े पैमाने पर काम किया है।

# लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, AQI 950 के पार, आपातकालीन स्थिति

**लाहौर, 30 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 708 तक पहुंच गया। जिसके बाद चिकित्सा विशेषज्ञों और प्रांतीय सरकार ने नागरिकों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लोगों को घर के अंदर रहने या बिना मास्क पहने बाहर न निकलने के लिए कहा गया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सोमवार रात 11 बजे AQI 708 पर पहुंच गया था, जिसमें PM 2.5 की सांद्रता 431 थी, जो WHO के वार्षिक वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश मूल्य से 86.2 गुना अधिक है। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक अखबार डॉन ने मंगलवार को बताया कि गुलबर्ग में CERP (पाकिस्तान में आर्थिक अनुसंधान केंद्र) कार्यालय में AQI 953 रहा, जबकि पाकिस्तान इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड में 810 और सैयद मरातब अली रोड पर 784 रहा।धुंध ने आस-पास के शहरों कसूर, शेखपुरा, मुरीदके और गुजरांवाला



को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अगले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो पूरे क्षेत्र में आपातकालीन स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि, इसकी संभावना काफी कम है। मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पंजाब की प्रांतीय सरकार ने लाहौर के नागरिकों के लिए आपातकालीन अलर्ट जारी किया है। इसमें नागरिकों से मास्क पहनने और अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने की अपील की गई है।स्थानीय सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने का अनुरोध किया है।

अधिकारियों ने आदेश पारित किया है कि धुआं छोड़ते पाए जाने वाले किसी भी वाहन को तुरंत बंद कर दिया जाएगा और बिना जिगजैग तकनीक के चलने वाले सभी ईंट भट्टों को ध्वस्त कर दिया जाएगा।वरिष्ठ प्रांतीय मंत्री मरियम ने कहा, फेफड़ों, सांस और दिल की बीमारियों से पीड़ित लोगों और बुजुर्गों को बाहर नहीं जाना चाहिए। हम सभी का सहयोग इस समस्या को हल करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मरियम औरंगजेब ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों का कम से कम उपयोग करें, ट्रैफिक जाम से बचें और फसल अवशेष न जलाएं। वहीं, मरियम ने मौजूदा स्थिति के लिए भारत को दोषी ठहराते हुए कहा कि तेज हवाओं के कारण दिल्ली, अमृतसर और चंडीगढ़ से धुंध लाहौर में प्रवेश कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि लाहौर से सिर्फ 50 किलोमीटर दूर अमृतसर में सोमवार को AQI 189 दर्ज किया गया।

# दीर्घकालीन योजना के साथ शिक्षा विभाग को काम करने की जरूरत

**सूरजपुर।** समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ पंकज कमल ,जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर द्वय श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं श्रीमती चांदनी कंवर, सर्व एसडीएम सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जयवर्धन ने जिले धान उपार्जन की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने गिरदावरी, खसरा, रकबा की जानकारी लेते हुए किसानों को आने वाली किसी भी तरह की समस्याओं को सुलझाने एवम शासकीय योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्यौहारों को देखते हुए समय सीमा में धान उपार्जन की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने पी डब्लू डी, पी एच ई और आर ई एस विभाग अंतर्गत जिले में किए जा निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई एवं सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की अंतर्गत जिले में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए। जिले में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लॉन्ग टर्म योजना बनाकर कार्य करने को कहा ताकि जिले में शिक्षा की स्थिति बेहतर की जा सके। उन्होंने सभी स्कूलों में प्राचार्यों एवं शिक्षकों को लक्ष्य बनाकर बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ साथ बेहतर एवं खराब परफॉर्म करने वाले शिक्षकों के नियमित मॉनिटरिंग कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिले में एकलव्य, नवोदय आवासीय विद्यालयों और समस्त छात्रावासों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्होंने समस्त छात्रावासों में शासकीय योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओ डी एफ प्लस गांवों की स्थिति तथा आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची के प्रकाशन एवं सभी तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने जिले के पेंशन प्रकरणों का जायजा लेते हुए उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों निराकरण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री जयवर्धन ने राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा भी की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया राष्ट्रीय एकता दौड़ का शुभारंभ

**सूरजपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर ''राष्ट्रीय एकता दौड़'' का आयोजन किया गया। यह दौड पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर जिला संयुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी के साथ स्कूली बच्चे व आम नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ के माध्यम से कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, आम नागरिकों, स्कूली बच्चों को देश भक्ति, एकता, अखंडता साथ ही समाज में शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने व एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौड़ के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

### 4 नवंबर तक प्रस्तुत कर सकते है दावा आपत्ति

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम,1993 की धारा 23 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन द्वारा खण्ड सूरजपुर, भैयाथान, रामानुजनगर, प्रेमनगर, प्रतापपुर, ओड़गी के निर्वाचन क्षेत्रों का विभाजन किया गया है। जिसका प्रारंभिक प्रकाषन 28 अक्टूबर कि स्थिति में कर दिया गया है। निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी वयस्क निवासी, जिसे सारणी में अंतर्विष्ट किसी बात से आपत्ति है तो वह इस संबंध में 04 नवंबर तक निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर के समक्ष लिखित में अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर विचार कर तत्पश्चात अंतिम विनिश्चय प्रकाशित किया जायेगा।

## कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को न हो असुविधा इसके लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं करने तथा आमजनों को मिट्टी के दीये उपयोग करने प्रोत्साहित करने कहा है।

## नव नियुक्त कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की सौजन्य मुलाकात

**सूरजपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉक्टर आर एस सिंह के नेतृत्व में फेडरेशन का प्रतिनिधित्व मंडल ने जिले में नवनियुक्त कलेक्टर एस. जयवर्धन व पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर से सौजन्य मुलाकात कर जिले में उनका अभिनंदन किया गया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर से परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने आग्रह किया गया। जिस पर समिति की जल्द बैठक बुलाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक से हाल की घटनाओं पर चर्चा कर दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने पूर्ण आश्वस्त किया कि आप सभी के सहयोग से जिले में पूर्व की भांति शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुलाकात के दौरान जिला संयोजक डॉक्टर आर. एस. सिंह, महा सचिव व जिलाध्यक्ष प्रदेश लिपिक वर्ग मो.इकबाल,महा सचिव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ विजय पैकरा, ब्लाक अध्यक्ष छ. ग.प्रदेश संयुक्त संघ रामानुजनगर राधेश्याम साहू, जिलाध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मनीष दीपक साहू,प्रांतीय सचिव प्रदेश लिपिक वर्ग अभिनव दुबे,श्रीमती चम्पा साहा, माधुरी सोनी,मेरी निशा,फुल साय मराबी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान,अजेंद्र नाथ दुबे बी आर सी भैयाथान,सतीश प्रताप सिंह ब्लॉक संयोजक भैयाथान, कुलदीप सिंह, अमर नाथ चौबे, रज्जाक अंसारी, सुग्रीव कुशवाहा, ईश्वर सिंह, बोधन राजवाड़े, पुष्पराज सिंह, सतपाल ठाकुर, छत्रपाल पैकरा सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 11 नवंबर को श्रीरामलला दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्री 7 दिवस पूर्व आवेदन करें जमा

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत् 11 नवम्बर को जाने वाले तीर्थ यात्री अपना आवेदन 07 दिवस पूर्व अपने समीप जनपद पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन के साथ निवास के साक्ष्य के लिए राशन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, विद्युत देयक मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य में से किसी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है तथा साथ ही साथ यात्रा हेतु चिकित्सक शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण पत्र देना होगा।

## लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार : लिफ्ट देने के बहाने महिला से लूटा था कैश और जेवर

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बस का इंतजार कर रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने आरोपी ने लूटपाट किया था। आरोपी ने महिला से 5 हजार नगद, मोबाइल, मंगलसूत्र समेत अन्य जेवर की लूट पाट की थी। वहीं इस मामले में पुलिस ने आरोपी 45 वर्षीय शिव शंकर पुरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की थी। वहीं बीते सप्ताह पहले बलौदाबाजार जिले में तीन बदमाशों ने राहगीरों से चाकू की नोक पर लूटपाट की थे। वहीं इस दौरान विरोध करने पर आरोपी ने दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में दो लोग घायल हो गए थे। पीड़ित व्यक्ति सुभाष सोनी अपने काम से वापस घर जा रहा था। इसी दौरान तीन स्कूटी सवार बदमाश उनसे लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कुछ ही समय बाद धनिदास मानिकपुरी को रोककर चाकू दिखा कर लूटपाट की, विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया था। इसके अलावा उनके पास रखे मोबाइल और पैसा लेकर आरोपी फरार हो गए। इसके अलावा एक प्रार्थी ने बताया कि, वह अपने मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था तभी आरोपी चाकू की नोक पर मोबाइल और चार हजार रुपए लूट कर फरार हो गए।

## हाथी अकेले विचरण कर रहा उदयपुर के जंगल में

**उदयपुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर के करमकटरा जंगल में एक हाथी आकर विचरण कर रहा है जिससे आसपास के गांव के लोगों में भय का माहौल है। एक माह पूर्व 12 हाथियों का दल एक महीने तक उदयपुर के सायर, कुमडेवा, बिछलघाटी, सुखरीभंडार ससकालो मुड़ापारा के जंगल में विचरण करने के दौरान फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए फिर उसी रास्ते में सूरजपुर जिले में वापस चला गया था। वन कर्मचारी दिनेश तिवारी ने बताया कि एक हाथी अपने दल मैनपाट से बिछड़कर लखनपुर वन परिक्षेत्र होते हुए भोर तीन बजे उदयपुर के ससकालो जंगल में पहुंच गया है जिसमें आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# कलेक्टर और एसपी ने ली जिले में कानून व्यवस्था की बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों, घटनाओं एवं विवादों पर पैनी नजर रखने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने और अप्रिय स्थिति निर्मित होने की दशा में त्वरित रूप में कड़ी कार्यवाही करें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जयवर्धन ने आपसी समन्वय एवं सहयोग को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कार्य करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द्र कायम रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करने एवं नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने दिवाली, छठ त्योहारों को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना को रोकने एवम सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के लिए निरंतर पेट्रोलिंग करने तथा त्यौहार के दौरान पटाखा विक्रेताओं के लिए तय नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनता के हित को देखते हुए सुरक्षित एवं शांत माहौल में त्यौहार मनाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले को नशामुक्त करवाने के लिए भी किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले में सड़क दुर्घटना के कारणों पर ध्यान रखते हुए यातायात, पीडब्ल्यूडी एवं आर टी ओ विभाग के अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को उनको रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा । साथ ही ऐसी घटना होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को राहत प्रदान करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसपी प्रशांत ठाकुर ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जनता के हित में बेहतर रूप में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा। दिवाली एवं छठ पूजा के दौरान समस्त जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों को बेहद संजीदगी से देखने और उनकी समस्याओं को बेहतर रूप में सुलझाने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान कार्यक्रम के आयोजकों एवम संबंधितों के साथ बैठक करने एवं शासन एवं प्रशासन के नियमों का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित करें।

## 11 नवंबर तक रायपुर जेल में बंद रहेगा गैंगस्टर अमन साव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में CJM कोर्ट ने जेल में बंद झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर और तेलीबांधा शूटआउट के मास्टरमाइंड अमन साव की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है. यानि अमन साव अब 11 नवंबर तक रायपुर जेल में ही बंद रहेगा। कारोबारी पर शूटआउट मामले में तेलीबांधा थाना पुलिस ने अमन साव को कोर्ट में पेश न करके रिमांड बढ़ाने का आवेदन लगाया था, जिसपर ष्टछ्वरू कोर्ट ने रिमांड बढ़ाने का फैसला सुनाया है। बता दें कि झारखण्ड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव फिलहाल रायपुर पुलिस की रिमांड पर है। अमन पर रंगदारी वसूलने और राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर कारोबारी पर फायरिंग कराने का आरोप है। इसके लिए उसने गुर्गे भी भेजे थे। इसके अलावा अन्य मामलों में भी रायपुर पुलिस अमन से पूछताछ कर रही है।

## मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने प्रशासन ने की अपील

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव एवं 06 प्रतापपुर में किये जाने के उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस. जयवर्धन के निर्देशन में श्री नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में दौरान जिले में कुल 296553 पुरुष मतदाता , 299313 महिला मतदाता एवं 05 तृतीय लिंग इस प्रकार कुल 595871 मतदाता दर्ज है।

जिले में विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर में 275 मतदान केंद्र , विधानसभा क्षेत्र 05 भटगांव में 309 मतदान केन्द्र सूरजपुर में तथा 06 मतदान केन्द्र सरगुजा जिले में एवं विधानसभा क्षेत्र 06 प्रतापपुर में 152 मतदान केन्द्र सूरजपुर जिले में तथा 144 मतदान केन्द्र बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अंतर्गत सम्मिलित है। विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर के 01 मतदान केन्द्र सूरजपुर जिले में शामिल है। इस प्रकार सूरजपुर जिले में कुल 740 मतदान केन्द्र आते है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक जिले के सभी मतदान केंद्रों में दावा/आपत्ति प्राप्त किये जायेगें। दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अवधि के दौरान 09 नवम्बर (शनिवार), 10 नवम्बर (रविवार), 16 नवंबर(शनिवार), 17 नवंबर (रविवार) को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 तक किया जायेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण के उपरांत दिनांक 06 जनवरी, 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 01 अक्टूबर 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु अग्रिम आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेगें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा छूटे हुये सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अपील किया गया है। राजनीतिक दलों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी से बसंत कुशवाहा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से पुनीत गुप्ता, बहुजन समाज पार्टी से श्री संदीप कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से सुरेन्द्र लाल नेटी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 9 फिल्म डायरेक्टर बनाए गए फिल्म विकास निगम एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य

**रायपुर।** लंबे समय से छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष की घोषणा से पहले एक एडवाइजरी कमेटी बनाई है. इसमें भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, फिल्म अभिनेता एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी समेत 9 लोगों को सदस्य बनाए गए हैं. संस्कृति विभाग के संचालक एवं पर्यटन के एमडी विवेक आचार्य केंद्र सरकार ने सरकार को फिल्म सिटी एवं नया रायपुर के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव दिया है. इस पर भी जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है.डॉ. रमन सिंह के तृतीय कार्यकाल में राजेश अवस्थी को अंतिम महीने में फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया था. उसके बाद भूपेश बघेल की सरकार में इस पद पर नियुक्ति नहीं हुई थी. फिल्म निर्माता लंबे समय से पुनः नियुक्ति की मांग कर रहे थे. इस पर विचार कर विष्णु देव सरकार ने नई नीति निर्धारण करने राजेश अवस्थी सहित 9 सदस्यों की एडवाइजरी कमेटी बनाई है. यह कमेटी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जो आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए इस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सरकार को देगी. इसके बाद सरकार नए सुझाव को फिल्म नीति में लागू कर फिल्म विकास निगम के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी।

## रायपुर दक्षिण सीट पर 34 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**रायपुर।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 के लिए कुल 34 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य किया गया है। छंटनी के पश्चात इन सभी अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत कुल 46 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया था। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत निर्वाचन के लिए अब 34 अभ्यर्थी शेष हैं।

## तंबाकू के मांगने के बहाने घर में घुसकर टांगी से कर दी ग्रामीण की हत्या



**राजपुर।** तंबाकू मांगने के नाम पर घुसे पंडो ने गांव के ही एक व्यक्ति की टांगी से वार कर हत्या कर दी। घटना के समय मृतक की पत्नी भी वहीं पर थी लेकिन वह कुछ समझ पाती तब तक उसके पति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बरियों पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बरियों पंडोपारा की है। पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि पुरुषोत्तम पंडो की गांव के ही कृष्णा पंडो (45) ने हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची। मृतक की पत्नी आरती पंडो ने बताया कि सोमवार की रात वह पति व बच्चों के साथ में खाना खाकर सो रही थी। रात्रि 9.30 बजे कृष्णा पंडो इसके घर पहुंचा। तंबाकू की मांग कर घर का दरवाजा खुलवाया। महिला ने अपने पति को जगाया और दरवाजा खोला। उसी समय आरोपित कृष्णा पंडो घर के अन्दर घुस गया। परछी में रखे टांगी से पुरुषोत्तम के गले में दो-तीन बार वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव से ही आरोपित को हिरासत में लेकर पूछता शुरू की तो उसने रंजिश पर पुरुषोत्तम की हत्या करना स्वीकार कर लिया।आरोपित ने बताया कि लगभग 10 दिन पूर्व गांव में सामाजिक दशकर्म के कार्यक्रम में खान- पान के संबंध में पुरुषोत्तम पंडो के साथ विवाद हुआ था। उसी कारण मन में रंजिश रखा था।योजनाबद्ध तरीके से तंबाकू खाने के बहाने घर जाकर पुरुषोत्तम की टांगी से वार कर हत्या कर दी थी।

## हाइवे किनारे दुकान के बाहर रखे सामानों को पुलिस ने हटवाया

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारे स्थित नगर के मेन मार्केट में में दुकान का सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाइश देते हुए थाना प्रभारी एवं यातायात प्रभारी ने सामानों को दुकान के अंदर कराया। वहीं दुकान से बाहर हाईवे तक टेंट लगाने वाले दो इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायियों को समझाइश देते हुए टेंट को हाइवे से हटवाया। बता दें कि प्रतिस्पर्धा के दौड़ में अनेक व्यवसायी दुकान के बाहर तक सामान रख देते है। इसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस आशय की शिकायत नागरिकों द्वारा कलेक्टर व एसपी से भी की गई थी। उसके बाद बिश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा व यातायात प्रभारी फरदीनन्द कुजूर ने पुलिस टीम के साथ में मार्केट में घूम घूम कर दुकान के बाहर हाईवे पर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाइश देते हुए हाईवे पर रखे सामानों को दुकान के अंदर कराया।

## बिहार के सासाराम में मिली शहर की दोनों नाबालिग छात्राएं

**अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र से लापता दो छात्राएं बिहार के सासाराम पहुंच गई थी। सरगुजा पुलिस की सूचना पर रेल सुरक्षा बल(आरपीएफ) की टीम ने उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया। सरगुजा पुलिस दोनों छात्राओं को सासाराम से लेकर अंबिकापुर लौटी और स्वजनों के सुपुर्द किया। गांधीनगर थाना क्षेत्र की दो छात्राएं अंबिकापुर के ही एक स्कूल में कक्षा आठवीं की पढ़ाई करती हैं। बीते 25 अक्टूबर की सुबह दोनों छात्राएं घर से स्कूल जाने के नाम पर निकली थी लेकिन वे स्कूल नहीं पहुंची। शाम तक घर नहीं लौटने पर स्वजन ने अपने स्तर से खोजबीन की लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अपहरण का अपराध पंजीकृत कर खोजबीन शुरू की थी। पुलिस दोनों छात्राओं की खोजबीन में लगी हुई थी। दोनों छात्राओं को बनारस रोड में देखा गया था। वहां के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही थी।उसी मार्ग में छात्राओं के आगे बढ़ने की संभावना पर पुलिस की अलग-अलग टीमों को जांच में लगाया गया था। उत्तर प्रदेश और बिहार पुलिस के अलावा रेलवे पुलिस बल को भी सूचना दी गई थी ताकि कहीं भी छात्राएं नजर आए तो उन्हें सुरक्षित बरामद किया जा सके। सरगुजा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि दोनों छात्राएं बिहार के सासाराम पहुंच गई थी।

# स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक में बाल विवाह रोकथाम के लिए किया गया आह्वान

### जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने का किया जा रहा है प्रयास

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं, इस अनुक्रम में कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम अनवरत किये जा रहे हैं। जिले में स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक में बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के दिशा में समूहों के सदस्यों को जानकारी दी जा रही है। ग्राम तिलसिवां एवं ग्राम सेन्दुरी में क्लस्टर बैठक में बाल विवाह के रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी दी गई। समूह के पदाधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक ग्राम में महिला स्वयं समूह कार्य कर रही है स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रत्येक गांव को बाल विवाह मुक्त करना है, बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु अपराध भी है यह बताया गया कि बाल विवाह यदि होता है तो उसमे सम्मिलित टेंट वाले, बैंड बाजे वाले, बाराती, पंडित, एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित सभी इस कानून के तहत दोषी होते हैं इस कानून के तहत बाल विवाह होने पर एक लाख रुपये जुर्माना एवं दो वर्ष के सजा का प्रावधान है। बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में चर्चा कि गई समूहो के सदस्यों द्वारा बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए पूर्ण सहयोग दिये जाने को आश्वासन दिया गया। बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कि गई एवं बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है, उक्त बैठक बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों, एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें बच्चों को नशे से बचाने के लिए किशोर न्याय अधिनियम की धारा 77, 78 की जानकारी भी दी गई यदि बच्चे को नशे में धकेला जाता है तो उक्त धाराओं के तहत एक लाख जुर्माना एवं दो वर्ष के सजा होने की जानकारी दी गई। उपरोक्त समस्त जानकारी हेतु एवं घटना होने के स्थिति में टोल फ्री चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 एवं आपातकालीन नम्बर 112 का इस्तेमाल करने का आह्मवान किया गया और उक्त नम्बरो के प्रचार प्रसार अपने गांव में करने का आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में चाईल्ड लाईन से शीतल सिंह, रमेश साहू एवं कलस्टर प्रभारी, पर्यवेक्षक स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## आईटी इंजीनियर के घर चोरी

**रायपुर।** रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र में एक आईटी इंजीनियर के घर पर चोरी होने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। घर के प्रथम तल पर सो रहे परिवार को पता भी नही चला और चोर ग्राउंड फ्लोर में बेडरूम की खिड़की का ग्रील काटकर अलमारी तोड़कर गहने लेकर फरार हो गये। मिली जानकारी के अनुसार फ्लोरल सिटी डूंडा में परिवार के साथ रहने वाले आईटी इंजीनियर पवि शर्मा ने मुजगहन थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह रविवार की रात एक बजे खाना खाने के बाद फर्स्ट फ्लोर के बेडरूम में सोने चला गया। अगले दिन सुबह वह उठकर ग्राउंड फ्लोर पर आया तो वहां एक कमरे का सामान बिखरा हुआ था। खिड़की का ग्रिल कटा हुआ था।

# अराजक तत्वों ने दुकान के सामने खड़ी कार को जलाया, कई वाहनों के शीशे तोड़े

## आरोप - सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस रही उदासीन, घटना के विरोध में चक्काजाम

**कोरबा।** आपराधिक तत्वों के द्वारा विभिन्न हिस्सों में लगातार उत्पात मचाया जा रहा है और पुलिस के लिए चुनौतियां पैदा करने के साथ लोगों को भयभीत करना जारी है। औद्योगिक तीर्थ कोरबा के दर्री रोड में पिछली रात आपराधिक किस्म के युवकों न ऐसी ही घटना को अंजाम दिया। एक चारपहिया वाहन को क्षति पहुंचाने से इसकी शुरूआत हुई। कुछ लोगों ने उसे रोका और पुलिस को जानकारी दी। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके तीन घंटे बाद एक कार को स्वाहा कर दिया गया। आक्रोशित नागरिकों ने घटना के विरोध में आज सुबह दर्री रोड पर चक्काजाम कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए और पुलिस को भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि समय रहते आखिर कार्रवाई करना जरूरी क्यों नहीं था। खबर के मुताबिक दर्री मुख्य मार्ग पर अविनाश प्रिंटर्स स्थित है। इसके संचालक हेमंत अग्रवाल की क्रेटा कार क्रमांक सीजी-12एपी-1111 दुकान के सामने खड़ी थी जिसे रात्रि 1.29बजे के करीब जला दिया गया। बताया गया कि इससे कुछ घंटे पहले 10.30 बजे एक युवक को इस इलाके में विचरण करते देखा गया जो एक अन्य कार को क्षति पहुंचा रहा था। उसके शीशे और अन्य हिस्सों पर लगातार हमले किए जा रहे थे। हेमंत की नजर उस पर पड़ी तो अपने तरीके से हस्तक्षेप किया गया। जिस पर युवक मौके से चला गया। बताया गया कि इस बारे में ही पुलिस को फौरन जानकारी दी गई और संबंधित पर कार्रवाई करने की मांग की गई। दावा किया गया कि इस पर कुल मिलाकर ड्यूटी ऑफिसर ने ढिलाई दिखाई जिससे शिकायत करने पहुंचे लोग उल्टे पैर लौट आए। इसके तीन घंटे बाद दर्री रोड में अराजक तत्वों ने अपने बुलंद हौसलों के साथ अविनाश प्रिंटर्स के सामने खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। आसपास में लगी सीसीटीवी फुटेज में उनकी तस्वीरें कैद हुई है। जिसमें नजर आ रहा है कि ज्वलनशील पदार्थ की मात्रा वाहन पर डाली गई और इसके बाद अगला कारनामा किया गया। कुछ ही देर में वाहन आग की लपटों में घिरने के साथ जलने लगा। जब तक लोगों को जानकारी होती और वे बचाव के लिए कोशिश करते काफी हिस्सा भस्म हो चुका था। रात में ही इस मामले की खबर इस क्षेत्र के व्यापारियों को हो गई थी। उन्होंने अगले कदम को लेकर योजना बनाई और आज सुबह चक्काजाम कर दिया। मुरारका पेट्रोल पंप के सामने दर्री रोड मार्ग पर व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और अपराध नियंत्रण के मामले में अत्यंत लापरवाही का रूख दिखाने पर भड़ास निकाली। घटना के विरोध में दर्री रोड के साथ-साथ पावर हाउस रोड की दुकानें आज बंद रही। इसके जरिए व्यापारियों ने अपनी एकता का प्रदर्शन किया और सिस्टम की आंख खोलने का प्रयास भी किया।





### चंदन पर अपराध दर्ज

पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि मंगलवार धनतेरस की रात लगभग 1:30 बजे दर्री रोड स्थित अविनाश प्रिंटर्स एवं स्टेशनरी के संचालक हेमंत अग्रवाल की चार पहिया वाहन को जला दिया गया। थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 639/24 धारा 326 (एफ) भारतीय न्याय संहिता कायम कर एवं 640/24 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता कायम कर आरोपी चंदन गोंड पिता श्यामलाल गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी रामसागर पारा को अभिरक्षा में लिया गया जिसे न्यायिक रिमांड में भेजा जा रहा है।

### बलरामपुर मामले का जिक्र कर तुरंत नहीं की कार्रवाई

दावा किया जा रहा है कि रात्रि को घटना की शुरुआत को लेकर ही पीड़ित पक्ष ने पुलिस के पास पहुंचकर इसकी जानकारी दी और उचित कार्रवाई करने की मांग की। उस समय कोतवाली में मौजूद ड्यूटी ऑफिसर के द्वारा बात तो जरूर सुनी गई लेकिन तर्क दिया गया कि तोड़फोड़ करने वाले युवक को तुरंत गिरफ्तार किया जाता है तो स्थिति बिगड़ सकती है। तर्क दिया गया कि हाल में ही बलरामपुर जिले में एक घटना हुई थी जिसमें पुलिस की ओर से लिए गए एक्शन के बाद स्थितियां बिगड़ी और फिर डेमेज कंट्रोल में दिक्कतें हुई। तरूण छत्तीसगढ़ को मिली जानकारी में बताया गया कि दर्री रोड में एक कार के शीशे और अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाने वाला युवक अपने साथ हंसिया रखा हुआ था। इसलिए लोगों को उसके मंसूबे खतरनाक लगे। जानकारी यह भी मिली है कि दर्री रोड फ्लाईओवर के नीचे रात्रि में आवारा तत्वों की बैठकी लगी होती है जो गांजा और शराब की पार्टी करते हैं। काफी समय से इस प्रकार का खेल यहां चल रहा है। इन सब कारणों से भी इस इलाके के व्यापारी और नागरिक परेशान हैं। बीती रात्रि इस क्षेत्र में जो घटना हुई उसने लोगों को खौफजदा कर रखा है। लोगों की मांग है कि शांति की स्थापना करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# बिल चुकाने से बचने के चक्कर में मरीज के परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़




### प्रबंधन ने की सिविल लाइन थाने में शिकायत

**कोरबा।** न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) में मंगलवार की शाम उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक मरीज के परिजनों ने अस्पताल में बकाया बिल का भुगतान किए बिना ही उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। प्रबंधन के अनुसार, मरीज के इलाज का लगभग ढाई लाख रुपये का बिल बकाया था, जिसे चुकाने से मरीज के परिजन बचना चाह रहे थे। उन्होंने इस फेर में यहां हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की। अस्पताल प्रबंधन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की।

एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि मरीज को 21 अक्टूबर को कटघोरा में एक सड़क हादसे के बाद गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दुर्घटना के बाद से ही मरीज की हालत नाजुक थी, क्योंकि उसे बार-बार उल्टियां हो रही थीं, जिसके कारण फेफड़ों में पानी (एस्पिरेशन) चला गया था। ऐसी स्थिति में यदि उसे तुरंत इलाज न मिलता, तो जान जाने का खतरा था। एनकेएच में भर्ती होने के बाद मरीज की स्थिति में काफी सुधार हुआ था, और उसका स्वास्थ्य पहले से बेहतर हो चुका था। मरीज के परिजन अब उसे दूसरे अस्पताल में रेफर करने की मांग कर रहे थे, और अस्पताल प्रबंधन उनकी इस मांग को मानने के लिए तैयार था। प्रक्रिया बताने और लंबित ढाई लाख का बिल का भुगतान करने की जानकारी देने के साथ परिजनों के तेवर अचानक चढ़ गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। फिर अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज को उचित उपचार दिया गया। इस मामले में किसी प्रकार की कसर बाकी नहीं रखी गई।

### ऐसी घटनाएं बढ़ रही लगातार

कोरबा जिले में अस्पतालों में हंगामा और तोड़फोड़ की घटनाएं बढ़ रही है जो चिंता का विषय है। मरीज के परिजन इलाज के खर्च से बचने के लिए अस्पताल पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत और अचानक आने वाली आर्थिक तंगी के चलते परिवारों के लिए बिल चुकाना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में, कई बार लोग हिंसक हो जाते हैं और अस्पताल में तोड़फोड़ करने लगते हैं ताकि अस्पताल प्रशासन डर के कारण बिल माफ कर दे।

## 150 से ज्यादा पटाखा दुकानें लगी

**कोरबा।** यहां के ट्रांसपोर्ट नगर स्टेडियम के बाहरी परिसर में इस बार पटाखा मार्केट लगा है। 150 से अधिक दुकानें यहां लगी हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह संख्या अधिक है। कारोबार करने वालों में अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े हुए लोग शामिल हैं। बताया गया कि कच्चे माल से लेकर लागत, श्रम और जोखिम व ट्रांसपोर्टिंग के कारण इस वर्ष कीमतों में कुछ बढ़ोत्तरी हुई है। पटाखे की हर वेरायटी पर इसका असर पड़ा है। बताया गया कि पटाखों का निर्माण मुख्य रूप से दक्षिण भार तक शिवाकाशी जिले में होता है। एक वर्ष पहले ही इसके लिए आर्डर बुक होते हैं। पटाखा व्यवसाय में अच्छी बचत आकर्षण का कारण

# प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभाओं को दिया अवसर

**कोरबा।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति दिवस से लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस तक कोरबा में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस लाईन और अग्रसेन कॉलेज में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन शहीद जवानों को याद किया गया।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस से राष्ट्रीय एकता दिवस तक पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है,इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर रक्षित केंद्र और अग्रसेन कॉलेज में सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेल कूद, मेहंदी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रक्षित केन्द्र और अग्रसेन कॉलेज में 'राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेल कूद, दौड़, गोला फेंक, और रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार के सदस्यों और कॉलेज विद्यार्थी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया ।कोरबा जिले के 12 शहीद जवानों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## भाजपा संगठन चुनाव को लेकर हुई कार्यशाला

**कोरबा।** भाजपा संगठन चुनाव को लेकर जिला अधिकारियों व सह अधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है। इन सभी को रायपुर में आयोजित कार्यशाला में बुलाया गया था। कार्यशाला में कोरबा जिले के प्रदेश मंत्री विकास महतो, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला सह चुनाव अधिकारी संजय भावनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह शामिल हुए। कोरबा जिला अधिकारी राजा पांडेय 3 नवंबर को कोरबा आ रहे हैं। वे यहां पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए आगे की रणनीति तैयार करेंगे। उनके साथ सह चुनाव अधिकारी संजय भावनानी भी रहेंगे। जांजगीर जिला के चुनाव अधिकारी जोगेश लांबा के द्वारा कल जांजगीर में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। अब जांजगीर में चुनाव को लेकर कार्यशाला लगाया जाएगा। भाजपा ने संगठन चुनाव की घोषणा करते हुए जिला अधिकारियों व सह अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जिला अधिकारी सभी अपने-अपने जिलों में जाकर प्रभारियों की नियुक्ति करेंगे और कार्यशाला भी लगाएंगे।

# जेबकतरों और उठाईगिरों पर की जा रही निगरानी

### कई जगह सिविल ड्रेस में तैनात है पुलिस

**कोरबा।** पांच दिन तक मनाए जाने वाले दीपावली पर्व को लेकर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों पर भीड़भाड़ है। काफी मात्रा में खरीदारी हो रही है। ऐसे में कई प्रकार के खतरे भी हैं। लोगों को ठीक प्रकार से पर्व मनाने का मौका मिले, इसलिए यहां-वहां पुलिस तैनात की गई है। जेबकतरों ।और उठाईगिरों पर इसकी निगरानी है। यूनिफार्म के अलावा सादे वेशभूषा में भी पुलिस को तैनात किया गया है। सैकड़ों की संख्या में पुलिस को अलग-अलग चेक प्वाइंट पर लगाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखने के साथ इस प्रकार की कोशिश हमारी ओर से की गई है। हमने प्राथमिकता तय करने के साथ इस प्रकार की व्यवस्था पर्व के लिए की है। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने के लिए आवश्यक इंतजाम किये गए हैं। बताया गया कि किसी भी प्रकार की अनहोनी से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। इसका भी काफी फायदा पुलिस को इस दौर में मिल रहा है।





पूर्वांचल में सबसे बड़े छठ व्रत को ज्यादा दिन नहीं रहे हैं। कोरबा और उपनगरीय क्षेत्र में घाटों की सफाई का काम तेज हो गया है। निगम और कुछ संगठन ने इसका जिम्मा लिया है।

## ड्युटी के समय में परिवर्तन के लिए चर्चा

**कोरबा।** गेवरा एरिया में एसईसीएल के कामगारों को दिवाली पूजा के लिए अवसर दिए जाने को लेकर प्रबंधन ने ड्यूटी समय में परिवर्तन किया है। इसके लिए जेसीसी सदस्दयों की बैठक बुलायी गई, जिसमें छंदराम राठौर, बाबू सिंह, कुलदीप कुमार, शेखचांद मंसूरी, जीवराखन चंद्रा, हर नारायण केशरवानी ने सुझाव दिए। अलग से गेवरा एरिया जेसीसी सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा गया। जेसीसी सदस्य गोपाल यादव, रेशम लाल यादव आदि ने सुझाव दिए

# ब्याज दरों में कटौती पर भड़के बीमा अभिकर्ता

**कोरबा।** बीमा धारकों के हित में भारतीय जीवन बीमा के अभिकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्याज दरों में साल दर साल कमी किए जाने के विरोध में अभिकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। अभिकर्ताओं का कहना है,कि अगर ब्याज दरों में लगातार कटौती की जाएगी तो पॉलिसी की संख्या में गिरावट आएगी।


केंद्र सरकार के खिलाफ भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। एक दिन की हड़ताल कर उन्होंने सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। बीमा धारकों के हित में उन्होंने एक दिन का विश्राम दिवस मनाया। कोसाबाड़ी स्थित विभागीय कार्यालय के बाहर उन्होंने एक दिन का धरना प्रदर्शन किया। बीमा अभिकर्ताओं का कहना है,कि सरकार साल दर साल सरकारी बीमा धारकों को दिए जाने वाली ब्याज दरों में कटौती कर रही है,जो उनके हित में नहीं है। ऐसा करने से पॉलिसी लेने वालों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है,जिसका बुरा प्रभाव अभिकर्ताओं के हित पर पड़ रहा है। बीमा अभिकर्ताओं का कहना है,कि बीमा धारकों को मिलने वाले ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी की जाए,जिससे एलआईसी के प्रति बीमा धारकों का जो भरोसा बना हुआ है,वह कायम रह सके।

## सदस्यता महा अभियान में शामिल हुए भाजपाई

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा तीन दिनों तक कमजोर बूथों में सदस्यता का महाअभियान चलाया गया। जिसमें मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। बरपाली मंडल में प्रदीप पटेल नरेंद्र बिंझवार, नवीन देवांगन बूथों तक जाकर सदस्य बनाया। इसी तरह उरगा मंडल में फूल सिंह कंवर, कमलेश अनंत, किशन साव व प्रकाश यादव ने लोगों को जोड़ा। कोरबा मंडल में भी योगेश मिश्रा, रामशंकर साहू के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बूथों तक गए। कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी सुमन सोनी, रमा मिरी, चंदन सिंह,कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुभाष राठौर द्वारा कड़ी मेहनत किया गया।

# कमल पुष्पों ने कई लोगों के जीवन में लाई समृद्धि

**कोरबा।** दीपावली पर पूजा अर्चना में कमल पुष्पों का अपना विशेष महत्व प्रतिपादित है। कोरबा जिले के चाकामार, बुंदेली, गोढ़ी, कुरूडीह, सकदुकला सहित कई गांव में कमल पुष्पों की पैदावार लोगो ने तालाबों में की है। ठेके पर इस काम को किया गया। संबंधित लोगों को दीपावली से लेकर छठ और एकादशी प्रतीक्षा रहती है। इस त्योहार पर कमल फूलों की उपयोगिता के साथ इनकी मुंह मांगी कीमत प्राप्त होती है। एक तरह से कमल पुष्पों की पैदावार से सैकड़ों लोगों के जीवन में समृद्धि का प्रकाश बिखरा है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com